[श्री बी० पी० मौर्य]

नहीं किये गये, तो हमारे बाजुओं में भी बदला लेने की ताकत है और हम जा कर मौके पर बदला लेंगे, यह मैं कहना चाहता हूं। मैं पुनः कहना चाहता हूं कि अधिक से अधिक एक महीने के अन्दर अन्दर मुल्ज़मान गिरफ्तार होने ही चाहियें।

MR. SPEAKER: I will pass it on to the Minister concerned. We are completely at one with you. It is very shocking that such things should happen. It is only a few months back that a very beautiful statue of Gandhiji—a lot of money was spent on it—was put up in Amritsar and somebody did mischief and cut off its arm and the head. This tendency to spoil and destroy the statues of eminent people and our great leaders is highly condemnable. I think the Ministry of Home Affairs should take very serious action on it.

श्री जगन्नाथ राव जोशी (शाजापुर): अध्यक्ष महोदय, ऐसी घटना 14 तारीख को हुई और आज तक कोई पकड़ा न जाए यह बात समझ में नहीं आती।

MR. SPEAKER: I now pass on to the next item.

13.8 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS—(*contd.*)

MINISTRY OF AGRICULTURE—*contd.*

MR. SPEAKER: The House will now take up further discussion and voting on Demands for Grants under the control of the Ministry of Agriculture.

Shri Chandra Bhal Mani Tiwari was on his legs.

श्री चन्द्रभाल मणि तिवारी (बलरामपुर): अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैं कल बोल रहा था उसी विषय में फिर आ रहा हूं कि हम ने खेती के डेवलपमेंट पर अगर अपने पूर्ण साधनों से, सारे उपयोगी साधनों से कार्य आरम्भ नहीं किया तो देश की वह दुर्दशा भी अपने सामने देखने को मिलेगी जैसा कि आप को मालूम है कि रशिया में अपने प्रारम्भिक काल में, जब वह डेमोक्रेटिक शासन में आया, तो उसे 18 साल भोगनी पड़ी। उस इतिहास के दोहराने मे भारत का कल्याण नही होना है।

भारत की आबादी आज करीब 55 करोड़ है। यदि भारत की यह पौपुलेशन इस सुधार पर अपनी निगाह डालेगी, हमारे मंत्री जी इस पर विशेष ध्यान देंगे तो शायद इसकी यह दुर्दशा नही होगी। अब मैं कुछ खास बातों पर आऊंगा। देहात मे और शहर मे कुछ भेद दिखाई पड़ते है। जैसा इन्सान शहर मे है वैसा ही इन्सान देहात में है, लेकिन दोनो के स्टैन्डर्ड आफ़ लिविंग मे अन्तर है। इस का कारण यह है कि हमारे देहात का विकास, देहात की प्रोग्रैस बिल्कुल रुकी हुई है। इसका क्या कारण है? क्या मंत्री महोदय ने कोई कम्पेरेटिव चार्ट तैयार नही किया? अगर तैयार किया है तो मैं चाहूंगा कि अपने उत्तर से उस पर रोशनी डालें। मैं उसके बारे में कुछ बुनियादी ज़रूरतों पर निगाह डालने की कोशिश करूंगा। जो शहरों को सुविधायें [illegible] न की गयी हैं, जैसे सड़कों की बिजली [illegible] वही सुविधायें देहात में भी प्रदान करनी [illegible] हियें ताकि वहां भी आदमी ऐम्लाइमेंट हो जायें और अपने को देखें कि वह भी

शहर के बराबर हो जायें । देहात का हर आदमी अभी इस स्थिति में नहीं है कि वह आप के संविधान को समझ सके । आखिर इस का कारण क्या है ? इसका कारण यह है कि आज वहां एजुकेशन नहीं है । एजुकेशन के सम्बन्ध में मैंने देखा है कि गांवों में स्कूल नहीं हैं, और स्कूल भी हैं तो टीचर्स नहीं हैं । मैं मानता हूं कि यह स्टेट की जिम्मेदारी है, लेकिन केन्द्रीय सरकार को भी इस सम्बन्ध में उन को लिखना चाहिये उन की तम्बीह करनी चाहिये ताकि स्कूलों में आज जो दुर्दशा है वह ठीक हो और हमारे बच्चे पढ़ें और पढ कर हमारे देश के अच्छे नागरिक बन सकें तथा अच्छी खेती कर सकें ।

कमजोर वर्ग के लिये ऐग्रीकल्चर लोन देने की व्यवस्था की गई है । हमारे यहां लीड बैंक खोले गये है । लीड बैंकों मे जो पुस्तके अथवा हैंडबुक दी गई है वह अंग्रेजी में है । भला आप बतलाइये कि हिन्दी समझने वाले तो वहां है नही, अंग्रेजी समझने की शक्ति किस मे है ? क्या मैं मंत्री महोदय से उम्मीद करूं कि इस स्थिति पर विचार किया जायेगा और वहां हिन्दी की हैंडबुक्स भेजी जायेंगी ?

स्टेट सरकारों ने जमीन की सीलिंग कर दी है जो 18 एकड से ले कर 27 एकड़ तक और 10 एकड़ से ले कर 18 एकड़ तक है । अलग-अलग स्टेट्स में अलग-अलग नियम हैं । अब लोगों के पास जमीनें अधिक थीं तब उन को जोतने के लिये लोग बड़े बड़े ट्रैक्टर खरीद सकते थे । आज ट्रैक्टर्स की कीमतें कहीं भी 25,000 रुपये से कम नजर नहीं आती हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आज 10 और 18 एकड़ तक का काश्तकार 25,000 रुपये का ट्रैक्टर खरीद सकता है ? इस के लिये मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वह इस पर ध्यान दें और देश में 10 से 15 हजार रुपये तक के ट्रैक्टर बनवायें या बाहर से मंगवायें । यदि ऐसा प्रबन्ध नहीं होता है तो सरकार खुद साल दो साल के अन्दर इतना भारी नुकसान उठायेगी कि अभी जो गल्ला उस को इस साल मगाना पड़ रहा है, दैवी प्रकोप के कारण या बिजली की कमी के कारण, हो सकता है वह और भी बढ जाए, और उतना ही मंगाना पड़े जितना हम पहले मंगाया करते थे ।

मैं निवेदन करूंगा कि हमारे यहां आज जो अच्छे किस्म का बीज दिया जाता है, जिस की भूमिका श्री सुब्रह्मण्यम ने अपने पीरियड में बड़ी कामयाबी के साथ बनाई थी, शायद उस की गति आज धीमी हो गई है । इस का कारण मैं यह समझता हूं कि हमारे मंत्री महोदय अपनी वृद्धावस्था के कारण शायद इस ओर अधिक ध्यान नहीं दे पा रहे है । लेकिन हमारे और मंत्रीगण हैं, मैं समझता हूं वह इस मे अपना सक्रिय हाथ डालेंगे । मैंने देखा कि पिछले पांच सात सालों से कोई नई वेराइटी की चीज सामने नहीं आ रही है । हमारे यहां कृषि अनुसन्धान के बहुत कम केन्द्र हैं । जैसे उत्तर प्रदेश में केवल दो हैं । एक तो पन्त नगर में

[श्री चन्द्र भाल मनी तिवारी]

है और एक कानपुर में है । पन्त नगर पूरे उत्तर प्रदेश की आवश्यकता को पूरा नही कर सकता । इस के केन्द्र बनाये जाने की बहुत आवश्यकता है । हमारे यहा की पापुलेशन की 70 फीसदी जनसख्या खेती करती है । इस के लिये ज्यादा से ज्यादा सुविधायें प्रदान करने की आवश्यकता है ।

हमारे देश की जो वन सम्पत्ति है उस की रक्षा करने का उत्तरदायित्व हमारे मत्री महोदय पर है लेकिन वह पूरा नही हो पाता है । इस से हमारे देश मे पानी कम मिलने लगा है । पानी कम मिलने से फसलो की क्षति होती है । मैं समझता हू कि मत्री महोदय इस स्थिति को सुधारेगे ।

कृषि ऋणो के सम्बन्ध मे बहुत सी गडबडिया नजर आती हैं । हमारे बैंक लोन देते हैं, लेकिन किसानो को बहुत परेशान करते हैं । जब मेरे जैसे समद् सदस्य को तकलीफ उठानी पडती है तो भला आप सोचे कि जो हमारे छोटे काश्तकार है, जो बिल्कुल ही अन्डेन्ड हैं, अनपढ हैं, उन की क्या क्या दुर्गति नही होती होगी । क्या मत्री महोदय कोई सर्कुलर बैको को भेजेगे कि किसानो को जो असुविधाये हो रही है उन को जल्दी से दूर करे । जो हमारे लीड बैंक खोले गये हैं जब हम उन की प्रगति के बारे मे सोचते हैं तो वह हमको ० प्रतिशत मालूम पडती हैं । हमारे ऐन्थनी साहब, इस को नही मानते हैं ।

श्री फ्रैंक एन्थनी (नामनिदेशित-आग्ल भारतीय) मानते है ।

श्री चन्द्र भाल मनी तिवारी : अगर मानते हैं तो मैं उनको धन्यवाद देता हूं ।

हमारे यहा कुछ सोसायटियां हैं कोआपरेटिव की जो लड डेवेलपमेंट का काम करती है । उन सब में बडा भ्रष्टाचार है । हो सकता है कि गुजरात में सोसायटिया अच्छी हो, जैसी कि हम तारीफ सुना करते है, हमारे श्री शिन्दे उन की बडी तारीफ करते हैं, लेकिन देश के और क्षेत्रो मे यह सोसायटिया ठीक काम नही करती । हम ने उत्तर प्रदेश की बहुत सी सोसायटियो को देखा है जहा करोडो रुपयो के घोटाले हुए और कमेज भी दर्ज हुए है । मुकदमे भी वहा होने जा रहे है । जब तक इस घाटाले को दूर नही किया जायेगा तब तक मैं नही मानता कि उन के कामा मे सुधार हो सकता है ।

मेरा एक सुझाव है । गावो मे किसानो के बीच मे लीडरशिप की आवश्यकता है । अगर वह लीडरशिप हर सोसायटी मे फार्म होती है तो उन का कन्टेक्ट हो सकता है । स्टेट से, उन का कान्टेक्ट हो सकता है केन्द्र से । अगर यह सुविधा प्रदान की गई तो आज जो भी असुविधाये उनको है उन को दूर किया जा सकता है और उन लीडरो के द्वारा सारे साधन उन तक पहुचाये जा सकते है

हमारे यहा जमीन की सीलिंग कर दी गई है, मैक्सिमम सीलिंग कर दी गई है । इस से मुझे भय हो रहा है कि कोई भी बेहतर

का आदमी किसी असेम्बली या पार्लियामेंट के चुनाव में भाग नहीं ले सकेगा । इस का कारण यह है कि शहरों की स्थिति रोज व रोज ठीक होती जा रही है, उनकी शक्ति बढ़ती जा रही है और हमारे देहातों की शक्ति घटती जा रही है । विकेन्द्रीकरण नही हुआ है । सारी शक्ति केन्द्रित होती जा रही है । आज शहरो का स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके मुकाबले में देहातो का स्तर नीचे गिरता जा रहा है । इस तरह से हमारे देहातों का प्रतिनिधित्व नहीं रहेगा, जिस की बहुत बडी आवश्यकता है । इसके न होने पर हमारे देहात सफर करेंगे । इसके सुधार के लिये बहुत ही आवश्यक है कि कोई विवेकपूर्ण कदम मन्त्री महोदय उठाये ।

हमारे देश मे बहुत सा जमीन का हिस्सा रेगिस्तानी है या बजर पडा हुआ है । मैंने हरियाणा मे देखा कि वहा की सरकार ने करीब करीब अपने पूरे रेगिस्तानी हिस्से को पम्पो के द्वारा उपजाऊ बनाने की कोशिश की है और निरन्तर प्रयोग कर रही है ।

क्या यह प्रोग्राम देशव्यापी आधार पर नही चल सकता है ? झासी और बुन्देलखड के इलाके में, वाटरलागिंग से नष्ट हो रहे इलाके मे, क्या वह प्रोग्राम नही चल सकता है ? क्या इस प्रोग्राम को देश के कोने कोने मे लागू नहीं किया जा सकता है ? मैं समझता हू कि ऐसा किया जा सकता है ? यदि केवल राजस्थान की सहायता दी जाये, तो वह पूरे देश को सपोर्ट कर सकता है ।

हमें खेती पर क्या क्या प्रयोग करने हैं, इस पर हमारा ध्यान जाना चाहिए । इसके लिए हमें नई वैरायटी के बीज, खाद और पानी चाहिए । यद्यपि सिंचाई का विषय मौजूदा मन्त्री महोदय के डिपार्टमेंट में नही है, लेकिन वह खेती के लिए बहुत आवश्यक है । मैं निवेदन करूंगा कि मंत्री महोदय मेरे सुझाव को डा० के० एल० राव तक पहुचा दें ।

जब हमारे देश मे सरफेस वाटर बहुत है, तो फिर ग्राउड वाटर की खोज क्यो हो रही है ? अगर हम अपने सरफेस वाटर का पूरी तरह उपयोग करे, तो देश का एक इच भी असिंचित नही रह सकता है । पिछले साल हिमाचल प्रदेश के चीफ मिनिस्टर, श्री परमार, से मेरी बात हुई । उन्होंने कहा कि अगर हिमाचल प्रदेश मे बाध बनाया जाये, तो हम उत्तरी भारत को इतना पानी दे सकते है कि एक इच जमीन भी असिंचित न रहे । जमीन के नीचे से पानी प्राप्त करने की कोशिश करने के बजाये जमीन के ऊपर बाध क्यो नही बनाए जाते हैं और पानी का स्टोरेज क्यो नही किया जाता है ? ग्राउड वाटर के सम्बन्ध मे कई प्रकार की परेशानिया होती है । उनके बारे मे सोचने के बजाये मन्त्री महोदय सरफेस वाटर की तरफ क्यो नही ध्यान देते है ?

मुझे आशा है कि मन्त्री महोदय इन बुनियादी जरूरतों की तरफ ध्यान देकर खेती की समस्याओं को हल करेंगे ।

श्री बरकातराम सिंह (होशियारपुर) अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान की इक्तसादी जिन्दगी मे जराअत का एक बहुत बडा हिस्सा है। हमारे मुल्क मे ज्यादातर खेती पानी मिलने पर होती है। मैं इस बारे मे कुछ और ज्यादा आगे चल कर कहूगा। इस हाउस मे पानी पर बहुत बहस हो चुकी है। लेकिन अगर हमारे इरिगेशन मिनिस्टर साहब यहा होते, तो मैं बताता कि एग्रीकल्चर और इरिगेशन मे कितने कोआर्डिनेशन की जरूरत है।

आज हमारे यहा नये ढग की खेती शुरू हुई है। बहुत पुराने जमाने से, जब कि फ्यूडल सिस्टम कायम था, बडी जमीनो पर बहुत कम पैदावार होती थी। लेकिन इस साइंटिफिक एज मे नये इम्प्लीमेंट्स और नये इनपुट्स आये है, जिनकी वजह से हमारी पैदावार मे इजाफा हुआ है और वह इजाफा होता चला गया है।

13.24 hrs.

[MR DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

मैं यह समझता हू कि किसी का यह कहना दुरुस्त नही है कि हम अपने लिए सारे अनाज का इम्पोर्ट करते है। मेरे पास इस बारे मे स्टैटिस्टिक्स मौजूद है। 1966 मे 10 34 मिलियन टन अनाज इम्पोर्ट किया गया, जो कि 1972 मे घट कर आधा मिलियन रह गया। यह ठीक है कि इस साल हमने दो मिलियन टन अनाज बाहर से मगाया है, लेकिन उसकी वजह है। दो साल पहले हमारे मुल्क मे बहुत से लोग यह कहते थे कि हमें फौरन जग के लिए तैयार होना चाहिए और बगला देश को फौरन मान्यता देनी चाहिए। हमने बगला देश को मान्यता दी और उसी वक्त जग हुई, जिस की वजह से हमे कई मुश्किलात का सामना करना पडा जो लोग उस वक्त बडे जोश से कहते थे कि हमे जग करनी चाहिए और बगलादेश को मान्यता देनी चाहिए, लेकिन जब हमने वह जग जीत ली और बगला देश बन गया, तो यही लोग कहते है कि अनाज की कमी क्यो हुई है। उन को पता है कि जो इलाका पाकिस्तान से काट कर अलग देश बन गया है और हमारा मुआवन बन रहा है, सिर्फ फौजी नुक्ता-ए-नजर से उसकी मदद करने की नही, बल्कि अनाज देकर उसको कायम रखने की जरूरत थी। जब बगलादेश की जरूरत को पूरा किया गया तो हमारे भडार मे कमी होना लाजिमी था।

लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हू कि सिर्फ हिन्दुस्तान मे ही नही, बल्कि सारे ससार मे ड्राउट, खुश्कसाली, हुई है। ऐसे कुछ देशो के अनाज के भडार भी खाली हुए, जिनके बारे म हम कहते है कि वे हमसे बहुत आगे बढे हुए है। हमने पढा है कि दो साल पहले बारिश भी कम हुई और सोवियत रूस म बर्फ भी कम पडी, जिसका नतीजा यह हुआ कि वहा पानी कम मिला। पिछले साल से पहले सोवियत रूस की अनाज की पैदावार 190 मिलियन टन थी, लेकिन ड्राउट और कम पानी मिलने की वजह से पिछले सीजन मे उसकी पैदावार 170 मिलियन टन हुई।

इसलिए सोवियत रूस ने अपने भंडार को पूरा करने के लिए बाहर से अनाज मंगाया है।

सी० पी० एम० के मेरे दोस्त ने कल बहुत कुछ कहा। मैं इस बात में बहुत ज्यादा नहीं जाना चाहता हूं कि चीन में कल्चरल रेवोल्यूशन भी अनाज की पैदावार पर असर-अंदाज हुआ है और वहां की पोलीटिकल सिचुएशन ने इकनसादी हालत को खराब किया है। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि वहां भी ड्राउट हुआ है और उसकी वजह से वहां की पैदावार में कमी हुई है। पिछले साल चीन की पैदावार 250 मिलियन टन थी, जब कि इस साल तकरीबन 245 मिलियन टन हुई। यह हालत उस देश की है, जो कहता है कि वह सब से आगे है और कम्युनिज्म की आखिरी तस्वीर है, लेकिन हमारे दोस्त इसको सपोर्ट करते हैं और उसकी मिसाल देते हैं। मैं उनको बताना चाहता हूं कि चीन ने कैनेडा से 3 3 मिलियन टन, यू० एस० ए० से 0 5 मिलियन टन और 0 3 मिलियन टन और आस्ट्रेलिया से 1 मिलियन टन, इस तरह कुल 5 मिलियन टन के करीब, अनाज मंगाया है। जैसा कि मैंने बताया है, उसकी वजह यह है कि वहां पर ड्राउट पड़ा और खुश्कसाली हुई।

हमारे देश में मुख्तलिफ़ सूबों में जो भयानक ड्राउट पड़ा है, उसकी एक मिसाल यह है कि महाराष्ट्र में मवेशियों के लिए मौलेसिज से बना हुआ फ़ीड मुहैया किया गया है और इस बात के लिए कानूनी बन्दोबस्त करना पड़ा है कि पक्की खोलों में न दिया जाये, ताकि वह लोगों को पीने के लिए मिल सके। ऐसी हालत में से हम गुजर रहे हैं! इस सिलसिले में हमारी सरकार ने जो काम किया है, हमें उसकी दाद देनी चाहिए। पाकिस्तान में भी बहुत गन्दुम पैदा होता है, लेकिन उसने भी 1 4 मिलियन टन अनाज बाहर से मंगाया है। सिर्फ़ हम ही बाहर से अनाज मंगाने वाले नहीं है। हमारा अनाज का इम्पार्ट घट कर आधा टन रह गया था। अगर नार्मल हालत रहती और वक्त पर बारिश हो जाती, तो हम उसको भी खत्म कर देते।

हम को गवर्नमेंट को दाद देनी चाहिए कि उसने इन मुश्किलात के बावजूद प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए इमर्जेंसी एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन प्रोग्राम के तहत लांग-टर्म मेजर्ज के लिए 152 करोड़ रुपया दिया है। उसने शार्ट-टर्म प्रोग्राम के लिए पहले 6 0 करोड़ रुपया दिया था, लेकिन इस साल उसको बढ़ा कर 100 करोड़ रुपये कर दिया है, ताकि लोग अपनी खेती को बढ़ाने के लिए जल्दी काम कर सकें। गवर्नमेंट ने प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए रुपये की कमी नहीं होने दी है। उस रुपये का इस्तेमाल मुख्तलिफ़ स्टेट गवर्नमेंट्स ने कैसे किया है, उसके बारे में मुझे इख्तलाफ़ है। उसका जिक्र करना कोई माकूल बात नहीं है। लेकिन क्योंकि इनकी तरफ से जो चला गया नीचे उसका इम्प्लीमेंटेशन किस हद तक हुआ है या किस हद तक नहीं हुआ यह तो वह जानें, मैं इनको सिर्फ इतना अर्ज करता हूं कि जरा पुल अप कीजिये उनको। बस और कुछ नहीं कहना चाहता।

[श्री दरबारा सिंह]

ड्राई फार्मिंग का भी काफी अच्छा तजर्बा इन्होंने किया। उसको हाई ईल्डिंग वैराइटी ज्वार की बाजरे की हुई है। ठीक है कि कहीं कीड़े उस को खा जाते हैं। लेकिन उसको भी रोकने की कोशिश है। काफी कुछ यह कोर्स ग्रेन भी पानी न मिलने की वजह से ज्यादा हो नहीं सका है। पल्सेज और दूसरी चीजें जो हैं जिनको हम जरूरियात जिन्दगी समझते हैं उनकी कमी वाकई हुई है और इस सब की एक ही वजह है कि पानी की कमी हुई।

इसके साथ साथ मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इंटेंसिव कल्टीवेशन हो सकती है। लेकिन उसके लिए पानी चाहिए। आज भी इस जमीन में यह ताकत है कि टू टू थ्री टाइम्स ए ईयर वह क्राप दे सकती है, ऐसे जराये इस्तेमाल किए जा सकते हैं। सोयल कंजर्वेशन करने की जरूरत है। मैं एक अर्ज और करना चाहता हूं, उसके मिनिस्टर साहब यहां हैं नहीं, शेलो ट्यूबवेल्स जो हैं, ठीक है बिजली की कमी हुई, बारिश नहीं हुई तो हमारे रिजर्वायर भरे नहीं, आगे पानी नहीं निकला, न खेती को गया, न जनरेशन हुई पावर की और पावर नहीं मिला तो ट्यूब वेल नहीं चले। लेकिन फिर भी मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को ज्यादा से ज्यादा जेनेरेटर जितने भी मंगवाए जा सकते हैं फौरी तौर पर उनका इन्तजाम करना चाहिए क्योंकि शार्ट टर्म की स्कीम्स में ज्यादा काम करने की जरूरत है बनिस्बत इसके कि 50 साला स्कीम पानी की कहीं दे दी जाय कि गंगा का पानी कावेरी में जायगा। यह पचास साला स्कीम आप मुझे मत दीजिए। हम तो फौरी तौर पर चाहते हैं और उसके लिए जो भी इन्तजाम आपने किए हैं उनको लागू कीजिए।

पंजाब शुरू से 68-69 से पैदावार का 40.5 प्रतिशत सेंटर के भंडार को देता रहा है और इस साल 60 परसेंट से ऊपर आपके भण्डार में आएगा।

श्री राम सहाय पाण्डेय (राजनंदगांव) : पंजाब का ही भरोसा है।

श्री दरबारा सिंह : अब मैं क्या कहूं आपको ? भरोसा रखेंगे तो कुछ हो जायगा।

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे): पंजाब पर पूरा भरोसा है।

श्री दरबारा सिंह : बात यह है कि हम यह चाहते हैं कि ऐसा हो। लेकिन एक बात याद रखिये, हमेशा के लिये पंजाब ऐग्रीकल्चर सूबा नहीं रहना चाहता। वह भी कामर्शियल क्राप उगाना चाहता है। इसलिये हर एक स्टेट को सेल्फ एफिसिएंसी की ओर ध्यान देना होगा। क्यों न जहां अनाज हो सकता है वहां उसके लिये कोशिश अपने अपने सूबों में करें ? हम पत्थर में नहीं चाहते कि वहां अनाज पैदा होगा लेकिन उनके वहां जो जमीन काबिले काश्त है वहां क्यों न अनाज पैदा किया जाय ? लेकिन वह एक अलाहिदा सवाल है, उसके बारे में मैं कम कहूंगा।

दस हजार ट्यूब वैल और एक हजार डीप ट्यूब वैल्स के लिये जो स्कीम आपको भेजी गई है और आपसे यह कहा

है कि इससे दो लाख टन फालतू व्हीट और एक लाख टन राइस हम देंगे । तो इसको आपको निकालना चाहिये । हुआ क्या कि गैस टर्बाइन के लिये आर्डर दे दिया । आपकी सरकार ने उसको रोका है । तो निकालिये उसको । गैस टर्बाइन अगर हमे मिल जाता है तो हम फौरी तौर पर आपको अश्योर करते है कि पजाब 60 नही 70 परसेंट अनाज देने के लिये तैयार हो जायगा । इसलिये यह थोडी सी बात मैंने पजाब की भी की है क्योकि आपका ज्यादा से ज्यादा अनाज पजाब और हरियाने से आता है । हरियाने से 30 परसेंट आता है, यू० पी० मे 15 परसेंट आता है । यह सारी फिगर्स मौजूद है । इसलिये उसके बारे मे ज्यादा जिक्र नही करता । ... (व्यवधान) यह घंटी कुछ जल्दी बज गयी ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the hon. Member should try to conclude I have been requested by his Whip to give fifteen minutes to the first two....

श्री दरबारा सिंह 15 मिनट अभी हुए नही है ।

MR DEPUTY-SPEAKER: Speakers and ten minutes to the others from the Congress Party.

SHRI DARBARA SINGH: It is not yet 15 minutes.

MR DEPUTY-SPEAKER: It is going to be 15 minutes. I am just giving the warning.

SHRI ANNASAHEB P SHINDE: He is a very senior Member of our party.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If I start making that kind of discrimination, then I would be in for trouble.

श्री दरबारा सिंह मैं इरीगेशन के बारे मे अर्ज करना चाहता हू कि हमारी टोटल इरीगेशन 19.9 प्रतिशत है और सारी इरीगेशन का 1/7 हिस्सा हम इस्तेमाल करते है । 6/7 हिस्सा अभी तक ऐसे ही पडा है । इस के बारे मे मे कृषि मत्री या और दोस्तों से यह अर्ज करूगा कि आप इस बात के ऊपर गौर करे, यह बात गलत है कि इरीगेशन अपना पार्ट अलहिदा लिये जाय और उसका कोआर्डिनेशन ऐग्रीकल्चर के साथ कतई न हो । इन मुहकमा मे कोआर्डिनेशन बहुत जरूरी है । यह नही कि वह पचास साल की स्कीम बनाये और आप पैदावार बढाना चाहते है कल, तो पचास साल की स्कीम से तो कल अनाज ज्यादा पैदा नही होगा । इसलिये छोटी छोटी टर्म की योजनाये शार्टेज मे ज्यादा फायदा दे सकता है, उनके ऊपर ज्यादा ध्यान दिया जाय ।

न्यूक्लीयर पावर प्रोजेक्ट के बारे म आप का कहना है कि यह कोल माइन्स से 500 मील दूर होना चाहिये । यह आपके प्लानिंग कमीशन के चेयरमैन की और दूसरो की रिपोर्ट है । तो दो आपने दिये है एक यू० पी० मे और, एक जगह और । हम यह नही कहते कि हम हिस्सेदार बनना चाहते है । वैसे बनना चाहिये । जो राजस्थान मे है उसका कुछ हिस्सा हमे मिलना चाहिये । लेकिन अगर हरियाने और पजाब के लिये आप इन न्यूक्लीयर प्रोजेक्ट दें तो ज्यादा अच्छा होगा क्योंकि पजाब 500 मील दूर है उस इलाके से और पाच सौ मील की दूरी आप

[श्री दरबारा सिंह]

चाहते हैं कोल माइन्स से। कोल माइन्स जहा है वहा थर्मल प्लाट लग सकता है। न्यूक्लीयर प्लाट उससे दूर होना चाहिये। इसलिये पजाब जो उतनी दूरी पर है उसके लिये ऐग्रीकल्चर मिनिस्ट्री को कहना चाहिये कि न्यूक्लीयर प्लाट उसके लिये दिया जाय।

वाटर डिस्प्यूट भी आपके पास है। यह वाटर डिस्प्यूट तो आप खत्म करे। एक जोनल कान्फ्रेंस हुई थी तो उसमे हमने बहुत जोरो से कहा था कि हमारा मिशन है कि थीम डेम का फैसला होना चाहिये। आज उसका फैसला नही हो पाता कि यह जमीन किसकी है किसके हिस्से मे यह आता है पानी किसका होगा किसका कितना शेयर होगा मै कहना चाहता हू कि यह जमीन न मेरी है न आपकी है। जमीन हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान के सूबे है। यह क्या मिल कर उसका तय नही कर सकते कि पानी की जरूरत किसको है, पावर की जरूरत किसको है, यह अपने अपने उसके बाप दादा बने हुए है यह बात आपकी तोडनी चाहिये। तो इसके लिये आप कुछ ध्यान दीजिये।

फ्लड कट्रोल मे 149 करोड का आप को नुकसान हुआ। पावरटी दूर करने की स्कीमे आप बनाते हैं। करोडहा रुपया खर्च होता है। आप एक दफा उस की स्कीमे उन सूबो मे लें जो सूबे अभी तक फ्लड कट्रोल करने मे नाकामयाब रहे हैं। उनकी मदद तो आप कर रहे हैं। आप उन लोगो की मदद कर रहे है। आप सरकार की मदद कीजिए। जो सूबे की सरकारे हैं वह कुछ नही कर पाई है। सिल्टिंग हो जाता है पानी बाहर बह जाता है। (व्यवधान)

लैंड सीलिंग के बारे मे मैं अर्ज करना चाहता हू। आप ने एक हदबन्दी मकर्रर की। हदबन्दी हो गई। 30 एकड से किसी जगह पर 18 एकड हो गई। उस के लिए अगर आप ने छोटा यूनिट बनाया है और आप कहते हैं कि उस घेरे मे वह वायबिल बन सकता है तो उस के लिए स्माल ट्रैक्टर्स की बहुत जरूरत हैं। मैं नही मानता कि 20 हजार का ट्रैक्टर हो। ट्रैक्टर की कीमत दस हजार में कम होनी चाहिए। क्या कि जमीन वाला उस मे से पैदा कर के उस की कीमत दे सकता हैं। बाहर से कही न० 2 का पैसा उस के पास नही आने का हैं। इसलिए स्माल ट्रैक्टर बनाए जाने चाहिए ताकि वह उस के घर मे आ सके। अपने खेत पर वह उस से काम कर सके। यह नही हो कि वह जमीन छोडता जाय और पैदावार कम हो।

दूसरे आप को सर्विस स्टेशन्स बनाने चाहिए। सरकार सर्विस स्टेशन्स बनाए जिस से कि गवर्नमेंट लीज आउट कर लोगो को किराये पर दे। इस के अलावा इनपुट्स वहा अवेलेबल हो ऐसे सर्विस स्टेशन्स बनाए जाने चाहिए। सूबो मे ऐसा चलता है लेकिन वह करते कुछ नही हैं इस के लिए।

बैंक्स का रुपया आप दे रहे हैं। मुझे यह पता नहीं, आप इस बात को वाजह

करेंगे कि आप ने क्रेश प्रोग्राम सन् 73–74 में खत्म कर दिए या चालू रखे ? लेकिन बैंक्स का जो रुपया है, काफी मर्केन्टेबिलिटी है मगर उस में सुधार करना होगा क्यों कि बैंक के अन्दर काम करने वाले जो हैं वह गरीबों का काम निकलने नहीं देते उस का पैटर्न आप को बदलने की जरूरत हैं। उस के ऊपर कमेटी बनाने की जरूरत हैं और विजिलेंस रखने की जरूरत हैं। वरना पैसा तो उन्हीं बड़े बड़े आदमियों को ही जाता हैं। रिक्शेवाले को और छोटे लोगों को नहीं जाता, दस पन्द्रह एकड़ वालों को नहीं जाता। दूसरे लोगों को जाता है। इसलिए इस का कोई इन्तजाम कीजिए।

मैं एक बात अर्ज करने के बाद बैठ जाता हूं। 1961 में जो पोपुलेशन थी और उस के बाद 1971 में जो पोपुलेशन हैं, उस के हिसाब से आप पर कैपिटा इन्कम को बढ़ाते रहे. आबादी बढ़ गई, इस लिये इन्कम भी बढ़ गई। मैं इस की डिटेल में नहीं जाना चाहता, लेकिन जो फैक्टर्स आपने रखें हैं, मैं चाहता हूं कि उस का नये ढंग से नया सर्वे करायें ताकि पता चले कि आज जो सरकारें यह कह रही हैं कि हमारे यहां 300 हो गया है, 400 हो गया हैं—वैसे तो कहते हैं कि हमारे लोग गरीब हो गये हैं, लेकिन साथ में अपनी अमीरी की दास्तान भी सुनाते हैं, आप इस का नये सिरे से सर्वे कीजिये।

पंचायती राज के बारे में भी कहना चाहता था—इस में काफी काम करने की जरूरत हैं, स्टेटों में इस सिलसिले में डीसेन्ट्रला-इजेशन के बजाय सैन्ट्रलाइज कर रहे हैं, इस लिये डीसैन्ट्रलाइजेशन की तरफ तवज्जह दी जाय।

श्री मारकण्ड राय (घोसी) : मान्यवर, कृषि मन्त्रालय का अमजनोंमा नाकामयाबियों की करुण कहानी रहा है। कोई भी इस बात से नतीजा निकाल सकता है कि 25 सालों के बाद हमारी यह स्थिति है कि अगर एक बार सूखा पड़ जाय तो हम उस को सम्भाल नहीं सकते और हमारी पूरी अर्थ व्यवस्था, कृषि व्यवस्था का अन्जर पंजर ढीला पड़ जाता हैं। एक बार फसल कमजोर हो जाये तो हम दूसरे देशों के मोहताज हो जाते हैं। जिस बात का गर्व दो साल पहले किया था कि हम खाद्यान्न समस्या में आत्मनिर्भर हो गये हैं, वह गर्व समाप्त हो जाता हैं, दूसरे देशों से अन्न मंगाने के लिये विवश हो जाते हैं। एक झटका भी बरदाश्त करने की शक्ति 25 सालों की आजादी के बाद भी प्राप्त नहीं हुई—इससे बड़ा सुबूत हमारी नाकामयाबी का और क्या हो सकता है ? कृषि मन्त्रालय अपने लक्ष्यों में बिलकुल सफल नहीं हुआ।

किसी भी जनतान्त्रिक व्यवस्था को कायम करने के लिये सामन्तशाही व्यवस्था की समाप्ति बहुत जरूरी होती हैं। भूमि समस्या ही वास्तव में हमारे देश की मुख्य समस्या है और उस का आधार है कि जमीन का बटवारा सम्यक रूप से किया जाय। यह कम शर्म की बात नहीं है कि 25 सालों के अन्दर भी हम सब से पहला काम अभी तक नहीं कर सके। इस में हमें चीन का उदाहरण लेना चाहिये। जो काम 5 वर्ष में यानी 1947 की आजादी के बाद 1952 में हो

[श्री शारखंडे राय]

जाना चाहिये था—क्रांतिकारी उग्र भूमि-सुधार की सम्पूर्णता—वह आज तक नही हुई। जब कि यह काम आज भी उतना ही जरूरी है जितना पहले थी। काग्रेस सरकारे पूरे देश मे फैली हुई थी—लेकिन असफल हो गई। उस के बाद विनोबा जी इस काम के लिये उठे, उन्होने लक्ष्य बनाया कि पाच करोड एकड भूमि हिन्दुस्तान से वे दान मागगे और इस समस्या का समाधान करेगे, लेकिन, मान्यवर, वह बात भी सफल नही हुई और राज्य की सहायता के बिना विनोबा जी का आन्दोलन भी पूरी तरह से असफल हो गया और उन्हें हार कर बैठ जाना पडा। वे केवल 41 लाख 76 हजार एकड जमीन ही प्राप्त कर सके, जिस मे 18 लाख एकड जमीन बिल्कुल बेकार थी, किसी काम के लायक नही थी। बहुत सी ऐसी जमीन भी थी, जिस का पता ही नही कि वह जमीन कहा हैं, आसमान से हैं या रसातल मे हैं। इसी से ऊब कर भूतपूर्व खाद्य मन्त्री बाबू जगजीवन राम जी ने एक बार कहा था—उन्हें तो ऊबड खाबड भूमि ही मिलती हैं, कही कही तो ऐसी भूमि दी गई जिस का पता ही नही चल पाया कि वह कहा है।

इस तरह से काग्रेस सरकारे असफल हुई, विनोबा जी का आन्दोलन पूरी तरह से असफल हुआ—लेकिन काम होना बहुत जरूरी है। हमारे देश की राष्ट्रीय आय का करीब करीब 50 फीसदी खेती मे आता हैं, जब कि बहुत से दूसरे देशो से कृषि आय का प्रतिशत उनकी राष्ट्रीय आय मे बहुत कम हैं, इगलैण्ड मे 5 फीसदी हैं, जापान मे 1 फीसदी हैं। इस लिये जब तक हम कृषि की नीव को मजबूत नही करेगे, हमारे उद्योगो का भी विकास नही होगा—यह जड़ है, आधारशिला है, सुपर स्ट्रक्चर का, औद्योगीकरण का। इस लिये मैं सब से पहली बात यह कहूगा कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारो के साथ जितनी सख्ती सम्भव हो, उतनी सख्ती कर के, क्रान्तिकारी भूमिसुधारो के लिये आगे बढे। मन्त्री जी गरीबी हटाने की बात करते है, लेकिन गरीबी कम करने का सब से पहला और आसान तरीका जमीन का बटवारा है। मेरे पास जमीन नही है—मुझे अगर पाच एकड जमीन मिल जाये जो अच्छी हो तथा थोडे साधन मुहिया कर दिये जाय तो एक फसल के बाद हम को और हमारे बाल बच्चो को हल्वा पूडो या मुर्गे मसल्लम तो नही लेकिन रोटी दाल मिल सकती है। इस लिये गरीबी कम करने के वास्ते अकिचन और भूमिहीन लोगो को रोटी दाल देन का सबसे पहला तरीका है—जमीन का बटवारा—लेकिन उस में भी यह सरकार पूरी तरह से असफल हुई हैं।

आज कल प्रधान मन्त्री जी देश के विभिन्न प्रदेशो में और खास कर उत्तर प्रदेश मे भाषण करती फिर रही है—लेकिन कोई लक्ष्य सामने नही है। आज कल जोर कृषि और लघु उद्योगों पर है, उस के पहले बडी इन्डस्ट्रीज पर जोर था—लगता है कि कोई दिशा सामने नही है, कोई लक्ष्य स्पष्ट नही है, दिमागो में भ्रम है। जब जो चीज मुह से निकल जाय, जब जिससे फायदा दिखाई पडे, स्टन्ट के रूप में उस को ले लिया जाय लेकिन कोई स्पष्ट रूप-रेखा मालूम नही पडती। अभी इन्दिरा जी ने रायबरेली के भाषण में कहा है कि भूमि सुधार में जो भी

अड़चन डालेंगे, चाहे वे उन की पार्टी के भी हों, सरकारी अधिकारी हों, उन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मैं धमकियां सुनते सुनते कांग्रेस वाले भी हंस देते हैं, अधिकारी तो बरसरे-इक्तदार, मुल्क के मालिक हैं ही, उन की क्या बात है।

18 परसेंट जमीन हमारे यहां वैस्ट-लैण्ड है। अमरीकन एक्सपर्ट कमेटी ने इस बात का आग्रह किया था कि इस 18 फीसदी जमीन का काफी हिस्सा खेती में लाया जा सकता है, कम से कम फौरस्ट्री के लिये, घास पैदा करने के लिये तो उस का इस्तेमाल हो ही सकता है। प० जवाहरलाल नेहरू ने भी 1959 में नागपुर कांग्रेस के बाद कहा था कि लैण्ड रिफार्म हमारा 'आर्टिकल आफ फेथ" है। जोड़िये—कितने वर्ष हो गये 1959 के बाद, आज तक कार्यान्वित नही हुआ, चरितार्थ नही हो सका—वह सपना आज भी अधूरा है।

हमारे देश में, मान्यवर, 3 करोड़ से ज्यादा भूमिहीन खेतमजदूर हैं। क्या इन को रोटी-दाल का सहारा दिये बिना किसी समाज की कल्पना की जा सकती है। समाजवाद की बात तो छोड़ दीजिये, वह तो कायम ही नही हो सका, किसी भी बुजुआ पार्टी की सरकार समाजवाद कायम नहीं किया करती, सोशलिज्म की फिलास्फी तो छोड़ दीजिये, लेकिन रैडिकल बुर्जुवा रिफार्म किये बिना भी क्या 3 करोड व्यक्तियों को हम रोटी दे सकते हैं? नही दे सकते। इन को रोटी दिये बिना गरीबी हटाओ के नारे की बात छोड़ दीजिये, एक तिल भी गरीबी कम करने की कल्पना नही कर सकते।

हमारे देश में बड़े बडे सामन्ती प्रेत हैं—जरा उन को मुलाहिजा फरमाइये। मैं बिहार से शुरू करता हूं—टाटा की जमीदारी खत्म करने का फैसला हो गया है, लेकिन अमल नही हो रहा है। चम्पारन, सहरसा मधुबनी, दरभगा और दूसरे जिलों में जबरदस्त खेत मजदूरो के आन्दोलन चल रहे हैं, हजारो जमीन सम्बन्धी केसेज उन पर चल रहे हैं—क्या यह सम्भव नही है कि सरकार उन के मुकदमे फी कराये, उन खेत-मजदूरो को मदद दे। बैंको से ऋण मिलने की कोई सुविधा नही है, क्योंकि सम्पत्ति चाहिये, जिसके बल पर वह जमीन उन को मिल सकती है। हमारे देश में 70 फीसदी किसान हैं जिनमें 57 फीसदी ऐसे किसान हैं जिनका एक्रेज, जिनका रकबा दो एकड़ से कम है। दूसरी ओर हिन्दुस्तान में सबसे बडे जमीन चोर 5 है, पाच तरह के हैं—बड़े बड़े पूजीपति, बडे बड़े सामन्त, पुराने राजा महाराजा, कुछ ताल्लुकेदार, कुछ बड़े बडे हाकिम जो नये सामन्त बन गये हैं आजकल और कुछ राजनीतिक नेता जिनमे, माफ कीजिएगा, आप ही की तरफ के हैं। आप कुछ मुलाहिजा फर्माइये, हिन्दुस्तान का सबसे बडा जमीन चोर घनश्यामदास बिरला जिसके पास 80 हजार एकड जमीन है। महोली शुगर मिल, सीतापुर, उत्तर प्रदेश के पास 2800 एकड जमीन है। हिन्दुस्तान शुगर मिल हरदोई के पास 3300 एकड जमीन है; महाराजा पटियाला के पास 2500 एकड जमीन है। नैनीताल तराई में 5 हजार से उपर 3 फार्म हैं। 1 हजार से 5 हजार तक के 12 फार्म हैं। 5 सौ से 1 हजार के 250 फार्म हैं और एक सौ से 5 सौ के 1000 फार्म हैं। कैरि-

[श्री झारखण्डे राय]

यप्पा और बिर्ला जो सबसे करीब हैं उनको पांच पांच हजार एकड़ के फार्म आपके मन्त्रालय ने मैसूर में दिए हैं। मैं सरकार से यह जानना चाहूंगा क्या यह सही है कि आपके मन्त्रालय ने बीकानेर जोधपुर की सरहद पर कानपुर के किसी उद्योगपति को 50 हजार एकड़ का फार्म भेड़ पालने के लिए दिया है।

श्री नाथू राम मिर्धा : (नागौर) : यह बिल्कुल गलत है। मैं जानता हूं इस बात को, मुझे राजस्थान की जानकारी है इसीलिए मैं कहता हूं यह बिल्कुल गलत है और प्रोपैगण्डा है। . . (व्यवधान)

श्री झारखण्डे राय : बिहार में 14 हजार एकड़ का फार्म रघुवश नारायण सिंह (पूर्णिया) के पास है। दो लाख एकड़ जमीन बेतिया राज के पास है जो बेकार पड़ी है, जिसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। 22 हजार एकड़ जमीन रामगुलाम साहू (भागलपुर) के पास है। इसी प्रकार से शुगर फार्म के नाम पर सैकड़ों फार्म बनाए गये हैं। वहां पर शुगरकेन बोया नहीं जाता है, वह जमीन पड़ती पड़ी रहती है।उस जमीन का बढ़िया इस्तेमाल नहीं होता है।

इसी प्रकार से हमारे उत्तर प्रदेश में एक जमनावाद फार्म है 4 हजार एकड़ का नैनीताल में। एक कलेक्टिव फार्म है 10 हजार एकड़ का नैनीताल जिले में। टी०पी० भल्ला (भूतपूर्व आई०जी०), ओंकार सिंह (भूतपूर्व डी०आई०जी०), इसलाम अहमद (अतिरिक्त आई०जी०), राजा भवरी, मेजर चिमनी, चीनी मिलों के फार्म सभी पुराने ताल्लुकेदारों ने, हाकिमों ने उत्तर प्रदेश के नैनीताल, गोरखपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर की तराई में बनाये हुए हैं। यह जमीन के चोर, सामन्ती प्रेत जब तक इस धरती पर हैं वह किसी न किसी बहाने से कानून को बाई पास करके जमीन को अपने पास रखें हैं तबतक कैसे भूमि सुधार होगा और कैसे गरीबी कम होगी---इस बात को तो आप छोड़िये। म आपके आग्रह करूंगा कि सबसे पहले इस विषय पर क्रान्तिकारी कदम साहस के साथ आगे बढ़ायें। इसमें सारा देश आपको साधुवाद देगा और हम सभी इसमें आपके साथ हैं।

मान्यवर, हमारे देश में खती सबसे ज्यादा ह ती है। हिन्देशिया में 29 फीसदी पर खती है, अमरीका में 14 फीसदी पर खती है, कनाडा में14 फीसदी खेती है और भारत 41 फी दी पर खेती है, हमार यहां खती का ज्यादा एकेज है फिर भी ह र अन्न की समस्या में अपने पैरों पर नहीं खड़े हो सके। एक साल हुआ हमने बड़ी खुशी मनाई, अपने हाथ से अपनी पीठ ठोंकी लेकिन फिर ढाक के तीन पात, जहां के तहां पहुंच गए। 10 वर्षों में एक हजार करोड़ रुपया ग्रो मोर फूड पर व्यय किया गया लेकिन नतीजा उतना ही हुआ जितना होना चाहिए था। श्री राधाकमल मुकर्जी जो कि एक निर्विवाद एकोनामिस्ट रहे हैं लखनऊ यूनिवर्सिटी के उन्होंने भी इस बात को स्वीकार किया है कि 18 एकड़, 20 एकड़ से ज्यादा जमीन किसी परिवार के पास देश में कभी नहीं होनी चाहिए, इतनी जमीन काफी है एक परिवार के खाने कमाने के लिए जबकि परिवार के सभी लोग उसमें काम करें।

श्रीमन्, मुझे एक चीज याद है, एक पुरानी बात है, प० जवाहरलाल नेहरू ने किसी भावावेश में कहा था :

"I will have a million revolutions in this country rather than have millions of our peasantry living on the verge of starvation."

आज हम खुद स्वीकार करते हैं कि 22 करोड़ आदमी हमारे देश में पावर्टी लाइन से नीचे रहते हैं। उस महान पुरुष का स्वप्न जहां का तहां धरा रह गया। यह सरकार की नीतियों का फल है। (व्यवधान) मैं आपको फोटो दिखा सकता हूं हमारे यहां जो राजनीतिक जमीन चोर हैं—यह आंध्र का फोटो है, यह फोटो मध्य प्रदेश का है जिसमें एक कुत्ता भी जमीन चोर है। यह मैसूर का है, यह राजस्थान का है और यह महाराष्ट्र का है। (व्यवधान)

अब जहां तक धतूरा मिले हुए माइलो (बाजरा) का सवाल है या मिल्क पाउडर की बात है जोकि अखाद्य घोषित कर दिया गया, उसकी कहानी यहां पर बहुत कही जा चुकी है, मैं उसको दोहराऊंगा नहीं लेकिन मैं यह कहूंगा कि यह राजनीतिक अपराध है जिसका अपराधी यह मन्त्रालय है। यह एक नेशनल क्राइम कमिट किया है। इसमें मन्त्रालय के भी लोग, बड़े बड़े ऊंचे अधिकारी और बाहर भीतर के लोगों ने मिल कर सभी ने किया है। आपके जवाब से हम कभी भी सन्तोष नहीं कर सकते हैं। इस देश के करोड़ों लोगों ने महसूस किया है कि कहीं न कहीं कुछ काला है जो देशवासियों की जान से खेला जा रहा है।

अब रही उन्नत बीज और उन्नत खेती की बात। यह विशेषज्ञों की राय है कि 3 करोड़ 20 लाख एकड़ जमीन पर वैज्ञानिक ढंग से खेती की जाये तो देश में अन्न की समस्या हल हो जायेगी। यह मेरी अपनी राय नहीं है, विशेषज्ञों की राय है। उसी तरह से कुछ एक्सपर्टस ने यहां तक कहा है कि भारत अपनी सम्पूर्ण कृषि योग्य भूमि का अगर केवल 5 फीसदी खेती में लगाये, नये ढंग से, तो फिलहाल जो देश की आबादी 55 करोड़ है उसके लिये खाद्य समस्या का समाधान हो सकता है। यह उन विशेषज्ञों की राय है जिन्होंने सरकार की सहायता से सर्वेक्षण किये हैं और कुछ परिणाम निकाले हैं। सरकारी आंकड़े भी कहते हैं कि 6 करोड़ एकड़ जमीन हमारे देश में थी और 5 करोड़ एकड़ तो ऐसी जमीन थी जोकि थोड़ी मेहनत से खेती लायक बनाई जा सकती थी। इस 11 करोड़ एकड़ जमीन में 3 करोड़ एकड़ जमीन हम तोड़ पाये है और बाकी पड़ती पड़ी है। तो क्या उस पड़ती जमीन और जंगल के नाम पर घिरी हुई पड़ती बंजर जमीन का बटवारा नहीं हो सकता ? हम जंगल के खिलाफ नहीं है लेकिन जंगल के नाम पर पड़ती जमीन घेर ली गई है जहां पर एक भी भरमेरिया का पेड़ तक नहीं लगा है। ऐसी जमीन को खाली छोड़ना नेशनल क्राइम है। कम से कम जंगल लगने तक के लिए क्या उसको बांटा नहीं जा सकता है ?

मान्यवर, उन्नत बीज ने हमारे देश की कृषि पर प्रभावशाली असर डाला है, इसको स्वीकार करेंगे और यह असलियत है। उन्नत

[श्री झारखण्डे राय]

बीज के बारे मे कोई दो राय नही है । इसमे मैं एक चीज की तरफ आपका ध्यान खीचूगा । गगानगर के कुलवन्तराय नाम के प्राइवेट किसान ने कुछ आविष्कार किया है, उसकी सूचना राजस्थान सरकार को है, भारत सरकार को, आपके मत्रालय को भी वह सूचना दी जा चुकी है । बीज भेजा जा चुका है, बाले भेजी जा चुकी है, मेरे पास भी उसका सैम्पुल मौजूद है मैं दिखा सकता हू । अब तक जितने बीज, हीरा, मोती, सब निकले हैं उन सबके बारे मे मैं कह सकता हू । मै भेज दूगा, आपके पास, उसका पौधा ड्योढा है । कही तो ऐसे बीज हैं कि जिनके पौधे छोटे होते हैं, अनाज जरूर ज्यादा होता है लेकिन पौधे छोटे होने की वजह से भूसे की समस्या हो जाती है । लेकिन इसमे दोनो बाते हैं, पौधा भी बडा होता है और अन्न भी ज्यादा निकलता है । मैं आपको वे बालें भेज दूगा जो श्री कुलवन्त राय ने निकाली हैं यह उन्होने नया आविष्कार किया है । किसी डठल से जो छोटी डठल निकलती है उसमे अब तक दाना नही आता था, उसके बारे मे आपके पूसा इस्टीट्यूट मे काफी खोज बीन हुई भी थी, लेकिन वह इसमे सफल नही हुए पर श्री कुलवन्त राय ने जो आविष्कार किया है जिसके द्वारा छोटी डठलो मे भी दाने निकल रहे हैं, इसकी जाच होनी चाहिये पूसा इस्टीट्यूट के जरिये और उनको प्रोत्साहन मिलना चाहिये । और अगर सिद्ध हो जाय तो सारे देश मे इसका परिचालन करना चाहिये । इस पर आपके ऐक्सपर्ट ने जो प्रारम्भिक जाच की है उन्होंने भी सन्तुति अच्छी दी है, राजस्थान सरकार ने जो लिखा है वह भी अच्छी रिपोर्ट है ।

14 00 hrs

मान्यवर, खाद्यान्नो का रख रखाव इतने पुराने और आउटडेटेड तरीको से किया जाता हैं कि उससे देश की बहुत क्षति होती है । इसके लिये जरूरी है कि सारे देश के अन्दर वैज्ञानिक तरीके से खाद्यान्नो को रखा जाय । अब आप गेहू के थोक व्यापार मे आ गये, चावल मे आने की आपकी हिम्मत नही हुई, जब कि अहमदाबाद मे आपकी पार्टी ने फैसला किया था, लेकिन चावल का थोक व्यापार अपने हाथ मे लेने मे अपका कलेजा हिल गया । गेहू मे आप आये हम उसका स्वागत करते हैं । श्रीमन्, बीस साल से कहते कहते हम लोगो के बाल सफेद हो गये बोलते बोलते हम लोग थक गये, 20 साल के बाद एक काम आपने साहस का किया कि गेहू का थोक व्यापार आपने अपने हाथ मे लिया जिसका हम समर्थन करते है । तो इस अनाज को रखने के लिये बहुत बडे बडे भडारो की जरूरत पडेगी । अभी जो खाद्यान्न रखने की पुरानी व्यवस्था है उससे मेरा अनुमान है कि एक करोड सत्तर लाख टन अनाज बर्बाद होता है, जिसका अगर रखरखाव वैज्ञानिक कर दिया जाय तो इतनी मात्रा अनाज की हम बचा सकते है और हमको अपनी जरूरत के लिये अमरीका कनाडा, आस्ट्रेलिया या न्यूजीलैण्ड से अनाज मागने की जरूरत नही पडेगी । हम विदेशो के मोहताज नही रहेंगे । इसमे पहला कदम यह होना चाहिये कि आधुनिक वैज्ञानिक तरीके से खाद्यान्नो को जिला स्तर पर, तहसील स्तर पर या जो भी स्तर आप मुनासिब समझे

रखने का इंतजाम किया जाय जिससे कि यह समस्या हमेशा के लिये समाप्त हो जाय ।

मान्यवर, एक, दो बातें और कहूंगा । कोआपरेटिव के बारे में मेरी धारणा यह है कि पूंजीवादी व्यवस्था के समुद्र में कोआपरेटिव का जो टापू है, आइलैण्ड है, यह ठहर नहीं पा रहा है । और इनको अगर कहा जाय कि यह डकैती और डकैतों के अड्डे बन गये है तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी । जितना करप्शन कोआपरेटिव में पाया जाता है उतना शायद किसी भी संस्था में नहीं है । 882 मामलों में जांच हुई जिसमें सवा करोड़ रुपये का घोटाला मिला । उत्तर प्रदेश के एक जिले का एक आदमी पकड़ा गया है जो 4 लाख रुपये का गबन किये हुये बैठा हैं । तो केन्द्रीय सरकार से या राज्य सरकारों से रुपया ले कर सहकारिता के नाम पर जो एक दम नग्न और नृशंस भ्रष्टाचार किया जा रहा है या तो इसकी रोकथाम कीजिये वरना इसको बाइन्ड अप कर दीजिये ।

सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की मीटिंग हुई थी 9 मार्च को । 19-8-72 को माननीय फखरुद्दीन अली अहमद की अध्यक्षता में तय हुआ कि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के तीनों वक्फ बोर्ड अलग अलग हो जायें । लेकिन आज तक नही हुये । पुराने वक्फ बोर्ड के जो चेयरमैन हैं, मैं उनका नाम नही लूगा, उनके खिलाफ जबरदस्त शिकायतें हैं आपके यहां । आप क्यों नही उनकी जांच कराते ? एक भूतपूर्व केन्द्रीय सरकार के डिप्टी मिनिस्टर, श्री यूनुस सलीम को 25,000 रु० पंजाब ट्रस्ट और शिमला ट्रस्ट से दिया गया नकद ....

MR. DEPUTY-SPEAKER: I do not think it is relevant. What are you trying to establish by this?

श्री झारखंडे राय : वक्फ बोर्ड को रीआर्गेनाइज किया जाय । पंजाब, हिमाचल और हरियाणा का जो एक साथ मिला हुआ बोर्ड है, इस को तीन हिस्सों में अलग अलग प्रान्त के लिये कर दिया जाय । और जो शिकायतें है उन को जाच की जाय ।

MR. DEPUTY SPEAKER: What has this got to do with Agriculture? No, please. This has nothing to do with Agriculture. Please try to conclude now.

श्री झारखंडे राय : यह मै इसलिये कह रहा हू कि माननीय कृषि मत्री उस विषय के भी मंत्री हैं ।

MR. DEPUTY SPEAKER: But, it has nothing to do with this Demand. You have exceeded your time.

श्री झारखंडे राय : खैर मैं उस को छोड़ता हूं । गेहूं का जो थोक व्यापार किया गया उस का हम से समर्थन किया । लेकिन उस बारे में आप को अगाह करता हूं कि जिस तरह से प्रतिक्रियावादी शक्तियां उस मामले को ले कर चारों तरफ इकट्ठी हो रही है, उस से आप हिलिये मत, आगे बढ़िये । और जो प्रगतिशील शक्तियां है हम सब आप की मदद करेंगे ।

आखिर मे कुछ सुझाव देना चाहता हू । सब से ज्यादा जोर केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारे अब भी 25 साल बाद कृषि पर, सिचाई पर और विद्युत पर दे । दूसरी बात यह है कि चीनी के कट्रोल और उस के वितरण की व्यवस्था पूरे देश मे जो अभी एक सामान नही है उस को एक रूप बनाना चाहिय । गगा-कावेरी योजना नही बल्कि घाघरा, गण्डी और गडक योजना बनायी जाय जो ज्यादा जल्दी सफल होगा और अधिक कारगर और लाभदायक सिद्ध होगा । कृषि, सिचाई और विद्युत मत्रालय एक होना चाहिये, तान नही, तभी इस मे कोआर्डिनेशन और कोआपरेशन बढिया हो पायेगा । तभी हम गरीबी को दूर कर पायेगे और समाजवाद की तरफ बढेगे । हम आशा करत है कि मत्रालय इस पर गौर करगा क्या कि क्रान्तिकारी भूमि सुधार कर क हा परिवतन को और बढा जा सकता है या रक्त रजित क्रान्ति ही हागी इस के अलावा तासरा और कोई विकल्प नही है । इसलिय मैं चाहता हू कि मत्रालय 25 साल क बाद भा अब भी हिम्मत के साथ इस तरफ बढे ।

14.09 hrs

JOINT DECLARATION BETWEEN GOVERNMENT OF INDIA AND PEOPLE'S REPUBLIC OF BANGLADESH

MR DEPUTY-SPEAKER. I have to interrupt the proceedings for a short while At the conclusion of the visit of the Bangladesh Foreign Minister, certain agreements were reached between India and Bangladesh. Shri Surendra Pal Singh to lay that Paper on the Table of the House.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): Mr Deputy-Speaker, Sir: I beg to lay on the Table of the House the Joint Declaration between the Government of India and the People's Republic of Bangladesh, which is being issued today. [*Placed in Library. See* No LT-4810/73]

14.11 hrs

DEMANDS FOR GRANTS—*Contd.*

MINISTRY OF AGRICULTURE—*Contd*

श्री नाथू राम मिर्धा (नागौर) उपाध्यक्ष जी कृषि मत्रालय की मागो पर बहस करने के लिय मैं खडा हुआ हू । मैं इन मागो का समर्थन करता हू और इन मागो का समर्थन करते हुए थोडे समय मे कुछ मुद्दे सुझाव के रूप मे पश करना चाहता हू ।

MR DEPUTY-SPEAKER May I remind you that your Party has decided to allot ten minutes to each Kindly co-operate

SHRI NATHU RAM MIRDHA But, now it is 2 10 and I will finish at 2.20

माननीय झारखडे राव का भाषण मैंने बडे गौर से सुना और वह गरीब आध घटे तक बोले ।

MR DEPUTY-SPEAKER 23 or 24 minutes only And, that was his Party's time

श्री नाथू राम मिर्धा तो मैं कह रहा था कि उन्होने जमीन से शुरू किया, वह जमीन पर बोल रहे थे, जमीन चोरों का जिक्र कर रहे थे, और जहा तक मैं समझ पाया मेरे स्टेट के सम्बन्ध में बिल्कुल गलत प्रचार कर रहे थे । यह यू० पी० में मिनिस्टर रह चुके

हैं थोड़े समय पहले । अभी यू० पी० के बड़े बड़े जमीन चोरों का जिक्र कर रहे थे । यह मंत्रालय उन के हाथ मे था । उस समय उन्होंने चोरों की छुट्टी क्यों नही कर दी थी ? जिस समय उन का काम करने का वक्त था उस समय श्रीमान् जो मूर्ति बन कर बैठे थे और आज यहां पर भाषण देने के लिये खड़े है । यह केवल उन की पार्टी का स्टन्ट है और प्रोपेगेन्डा के लिये है । इस लिये मुझे इस का कोई दुःख नहीं है ।

मै तो सिर्फ एक ही निवेदन करना चाहता हू कि कृषि हमारे देश के लिये बहुत ही अहम विषय है और यह मंत्रालय बहुत अहम मंत्रालय है । किसानों की कमाई का जरिया, जो देश की कुल आबादी का 75 फीसदी हिस्सा है, कृषि है और इस कृषि पर ही सारे देश का अर्थव्यवस्था आधारित है । जब हम कृषि की बात करते है तो वनों की बात आती है और जब जमीन की पैदावार की बात आती है तो उस मे वन और जंगल भी आते है । और इन मे जुड़ी हुई व्यवस्था के जो मामले है उन का इस मंत्रालय से सम्बन्ध है । चूंकि इस का इतना बड़ा दायरा है, इस लिये दस मिनट मे बहुत कुछ कहना सम्भव नही है । फिर भी मै इतना जरूर कहना चाहता हूं कि हमारे देश के कृषि मंत्रालय ने, केन्द्रीय मंत्रालय ने देश की योजनाओं का इस प्रकार गठन किया और सारे काम को इस तरह से आगे चलाया कि राज्यों का सारा विषय होते हुए भी जितना तालमेल सम्भव था उस के अनुसार नीतियों का निर्धारित करते हुए इस देश के कृषि उत्पादन को बढ़ाया । जिस समय हम आजाद हुए थे हमारे देश का कृषि उत्पादन सिर्फ 500 लाख टन था, खाद्यान्नों का । वह बढ़ कर आज करीब 1100 लाख टन तक पहुंच गया है । हम को चतुर्थ पंचवर्षीय योजना मे 1290 लाख टन तक पहुंचना है । हो सकता है कि उतना हम न पहुंच पायें लेकिन फिर भी जो कमी रहेगी उस को हमे पांचवी पंच-वर्षीय योजना मे पूरा करना है क्योंकि इस देश की आबादी काफी तेजी से बढ रही है । आज हमारी आबादी 54–55 करोड़ के लगभग है । उस को हम को खुराक देनी है । खाद्यान्न भी है और बाहर के तत्व भी उस मे है जो हम को खाने पीने की चीजों के साथ देने है । कृषि से उत्पादित होने वाली वह चीजें है तिलहन, दालें, गन्ना और उस के साथ साथ कपास आदि भी है । हम को इन चीजों का भी इतना उत्पादन करना है जिस से हम देश के लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकें । न केवल हम को अपने देश के लोगों की जरूरतों को ही पूरा करना है बल्कि उस मे भी आगे बढ़ कर हम इस योग्य हों कि हम उन का एक्सपोर्ट कर सकें ।

इन चीजों के करने के लिये जितना अनुसन्धान और ज्ञान है वह हमारे पास प्रचुर मात्रा मे है । हम इन सारी चीजों का उत्पादन बढ़ाने की क्षमता रखते है । हमारे पास सारा ज्ञान और टेकनालोजी मौजूद है पर उस ज्ञान और टेकनालोजी को धरती पर उतार कर किसानों के घर तक पहुंचाने की पूरी व्यवस्था हमारे पास नही है । इस में हम को सुधार करने की जरूरत है । इस मे हम को अपनी सहकारी संस्थाओं और पंचायत राज संस्थाओं का सहारा लेना पड़ेगा । हम

[श्री नाथू राम मिर्धा]

ने आज जो कुछ भी व्यवस्थाये जमाई है उन मे बहुत कमिया हैं । आज जो भी सहकारी सस्थाये हमारे देश मे काफी अर्से से चल रही है वह सारे लेवेल्स पर है, चाहे वह क्रेडिट सस्थाये हों या मार्केटिंग सस्थायें हों । उन्होने सारा बोझ अपने जिम्मे ले लिया है, पर उन को मजबूत करने की जरूरत है ।

हम को कृषि के अन्दर जितने उतार चढाव देखने पड रहे है उस का मुख्य कारण है हमारे देश का कृषि हाट बाजार व्यवस्था । जब तक हम इस देश के किसानो को इस बात की गारन्टी नही दे पाते कि जो चीजे खेतो मे पैदा होती है या पशुओं से पैदा होती है उन का दाम एक निश्चित लेवेल से नीचे किसानो को नही मिलेगा तब तक हमारा उत्पादन नही बढ सकता । हम ने आज इस के बारे मे कदम उठाया है और रबी मे गेहू के व्यापार का सरकारीकरण करना चाहते है और होलसेल ट्रेडर्स को बीच मे से रोकना चाहते है । चावल का भी अगली फसल से सरकारीकरण करना चाहते है । लेकिन हम को काफी दूर की मजिल तक पहुचना पडेगा क्योंकि कुछ राज्यों मे कोर्स ग्रेन भी अपना महत्व रखता है । कोर्स ग्रेन के व्यापार को भी इसी तरीके से अगले सीजन से अपने हाथ मे करना पडेगा । जब तक हम कीमतो मे टिकाउपन नही ला सकते तब तक सारे देश की अर्थ व्यवस्था मे स्थायित्व नही आ सका । यही कारण है कि जब कभी किसान के यहा गन्ना ज्यादा पैदा होता है तब मिल वाले उस को ले लेते हैं और सस्ते दामो पर लेते है । इसी तरह से अगर जूट ज्यादा पैदा हो जाये तो उस में भी कई बिचौलिये बैठे होते हैं और किसानों को उस का पूरा रिटर्न नही मिलता । यही हाल काटन का है । हम ने काटन कारपोरेशन बनाया है । इसी तरह से आयल सीड्स के वास्ते व्यवस्था करनी पडेगी । उस की मार्केटिंग के वास्ते हम को सारी व्यवस्था मे बदलाव लाना पडेगा । यह बहुत पेचीदा काम है । इस के लिये कृषि मंत्रालय का जो अपना प्राइस कमिशन है उस को बहुत मजबूत करना पडेगा । उस का एक ही दृष्टिकोण है और वह यह है कि जो एग्रीकल्चरल कमोडिटीज किसान पैदा करता है किस तरीके से उस का उचित मूल्य किसान को दे सके और सारी चीज की गारंटी कर सके कि जितना उत्पादन होगा, जिन तरीको से उत्पादन होगा और जिन चीजों का होगा उन को निश्चित मूल्य पर खरीदने के लिये वह तैयार होगे । इस तरह से एक्रेज का बैलेंस भी आयेगा और चीजो के उत्पादन मे भी निश्चितता आयेगी । इस के हिसाब से हम देश के उद्योगो की रिक्वायरमेंट्स भी पूरी कर सकेंगे और किसानो को एक फिक्स्ड प्राइस भी दिला सकेंगे । साथ ही अगर हम इन चीजो को मैनुफैक्चरर को सही दामो पर बेच देंगे तो मैनुफैक्चरर से भी अपेक्षा करेंगे कि वह भी एक फिक्स्ड प्राइस के ऊपर चीजो को उपभोक्ताओं को मुहैया करा सके ?

इस सारी व्यवस्था के अन्दर हम ने जो महान शुरूआत की है उस को हमे दूर तक ले जाना होगा । इस से हमारी सारी अर्थ-व्यवस्था को एक स्टेबिलिटी मिलेगी । यह शुरूआत हम को ऐग्रीकल्चरल कमोडिटीज से करनी होगी और उस के बाद हम को इसी तरीके से आगे

जाना पडेगा । हमारे यहा अभी दालो की कमी है उस के उत्पादन को बढ़ाना है । खास तौर से बीज के बारे में, खाद के बारे मे क्रेडिट के बारे मे जो सिफारिशें कृषि आयोग ने सरकार के सामने पेश की है उन के अनुसार पुरानी नीतियो मे परिवर्तन करने की आवश्यकता है । हम को यह देखना होगा कि इन नीतियो मे क्या खामिया हैं और उन को कैसे दूर किया जाये । इन सारी बातो मे जा कर के करीब चौदह अहम मुद्दो पर उस ने सरकार के सामने रिपोर्ट पेश की है ? अगर हम उन सिफारिशो पर विचार कर के तुरन्त निर्णय ले सकें और उन का उपयोग पाचवी योजना मे कर सकें तो निश्चित रूप से कृषि उत्पादन बढाने मे सारी दिशाओ मे बल मिलेगा और हम तेजी के साथ उन कमियो को दूर कर के कृषि उत्पादन को बढा सकेंगे । साथ ही खास तौर मे मार्केटिंग के बारे मे भी आयोग ने सोचा और उस के बारे म कुछ सिफारिशें बुनियादी तौर से सरकार के सामने करना चाहता है ।

जब हम कृषि उत्पादन की बात करते है तब मै एक मिनट मे पशु पालन के सम्बन्ध मे भी कुछ कहना चाहूंगा । पशु पालन इस देश के लिये एक अहम विषय है । हमारे यहा की चार योजनाओ के अन्दर जितना जोर इस पर देने की आवश्यकता थी उतना हम नही दे पाये है । खास तौर से कैटल डेवलपमेंट का बहुत बडा पोटेंशल हम इस देश मे देखते हैं । इस के लिये हम को यहां पर फारेन ब्लड लाना है और क्रास ब्रीडिंग को बढाना है । कैटल ब्रीडिंग के सिलसिले मे अगर हम यहां पर बाहर की ब्रीड का ब्लड इंट्रोड्यूस करे तो हमारे यहा की क्वालिटी और क्वान्टिटी दोनो मे दुगने या ढाई गुने का फर्क आ सकत है, जिस से हम को फारेन एक्सचेंज मिल सकता है । इसी तरह हमारे यहा ऊन का भी पोटेंशल बहुत है । हाईब्रीडिंग कैटल के लिये हम यहा पर बाहर का ब्लड इट्रोड्यूस करे । इस के बारे मे मत्रालय कुछ प्रयत्न कर रहा है लेकिन वह बहुत कम है । इस दिशा मे जितना काम हो रहा है उस मे और ज्यादा बढोतरी करने की जरूरत है ।

मैं एक सुझाव यह भी देना चाहता हू कि जो कैटल आप के फार्म पर आते है वहा पर उन की देख रेख जिस तरीके से होनी चाहिये वह नही हो पाती है । इस लिये काम तेजी से नही चलता । आप चाहे तो इस मे प्राइवेट एन्टिमेंट को भी कुछ शर्तों के साथ ले ले ताकि जो प्रोजेनी पैदा हो उन को हम दूसरों को आगे दे सके । अगर प्राइवेट कैटल ब्रीडर्स मे भी यह काम करवाया जाय तो हमारे देश मे इस काम को आगे बढाने का मौका मिलेगा ।

इसी तरह से हमारे यहा फिश का भी बडा भारी पोटेंशल है । अगर आप देखेंगे तो इस साल हम ने करीब 50 करोड की विदेशी मुद्रा इस से कमाई है । शायद इस म ट्रान्सर्स न होना एक बडी बाधा है । तो चाहे आप ट्रान्सर्स रशिया से ले या अमरीका से लें । अगर ज्यादा पैमाने पर आप ले सके तो आप उस मे डीप सी फिशिंग करे और सी के नजदीकी जो स्थान हैं उन को छोटे लोगो के लिये छोड दे । इस बडे पोटेंशल मे हमारे देश के लोगो को प्रोटीन और रिच फूड भी मिल सकता है । इनलैंड फिशरीज का डेवलपमेंट कर के हम छोटे लोगों की मदद कर सकते है । इस तरह से

[श्री नाथू राम मिर्धा]

देश के अन्दर पशुपालन की ओर अधिक ध्यान देने की जरूरत है ।

अन्त में मैं यही कह कर खत्म करना चाहता हूं कि हमारे देश के फारेस्ट हमारे लिये बहुत अहमियत रखते हैं । दुनिया के देशों में जहां एक एकड़ फारेस्ट से 200 रुपये का नैट प्राफिट मिलता है वहां हमारे यहां पर एक एकड़ फारेस्ट से 10 रुपया मिलता है । इस पर हम को बड़ी गम्भीरता से विचार करने की जरूरत है । आयोग ने एक रिपोर्ट खास तौर से मंत्रालय को पेश की है और इस के लिये कहा है कि एक लाख हैक्टेयर जंगल को काट कर मेनमेड फारेस्टिंग को बढ़ावा दिया जायेगा तो इस से लेबर को एम्प्लाय किया जा सकेगा और सारी इंडस्ट्रीज का कोआर्डिनेशन किया जा सकेगा । इस पर विचार करने के लिये एक प्लेनिंग सेल आप को इस साल सारे देश के लिये बनाना है । कार्पोरेशन्ज बनाकर उस रिपोर्ट का इम्प्लीमेंटेशन करने से हमारे देश का जंगल का धन बहुत ज्यादा बढ़ाया जा सकता है । जब दुनिया के लोग एक एकड़ से 200 रुपया नेट कमा सकते हैं, तो हम लोग केवल दस रुपये क्यों कमायें ? मैं उस रिपोर्ट की ओर मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

मुझे बहुत सी बातें कहनी थीं, लेकिन चूंकि मैंने सिर्फ दस मिनट का वायदा किया था, इसलिये मैं इन सुझावों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं ।

दूसरी बात पानी की आती है। पानी के बारे मे सोचते है तो कभी कभी तो हमको इस बात पर काफी चिन्ता और कष्ट होता है कि भारत की नदियो जो वास्तव में वरदान थी वह नदिया आज अभिशाप बन गई हैं। नदियो के कारण कही पर बाढ की स्थिति दिखाई देती है तो कही पर कटाव की स्थिति दिखाई देती है। कई सदस्यों ने आपसे मांग की है कि आपके विभागो मे समन्वय होना चाहिये। मैं तो यह चाहता हूं कि लघु सिंचाई विभाग आप अपने जिम्मे रखें। उसके द्वारा आप किसानो की बहुत सी समस्याओं का समाधान कर सकते है। आज यह नदिया जो अभिशाप बन गई हैं क्या वह वरदान नही बन सकती? क्या नदी किनारो पर छोटे छोटे पम्प बिठाकर आप किसानों के खेतो मे पानी नही पहुचा सकते हैं? क्या नदियो का पानी जो समुद्र में जा कर बेकार गिर जाता है उसका अधिकतम उपयोग नदी के किनारे पर काश्त करने वाले जो छोटे छोटे किसान हैं उनके खेतों मे पानी पहुचा कर आप नही कर सकते? क्या उनके खेतों मे उन नदियो का पानी उठा कर आप नही दे सकते? जरूर दे सकते हैं। अगर सरकार थोडा सा भी ध्यान इस ओर दे तो वास्तव मे इस योजना से किसानो को अधिकतम लाभ पहुचेगा।

बिहार के अन्दर अकाल के इस समय मे थोड़ा सा ध्यान इस बात पर दिया गया है। नदी किनारे पर छोटे छोटे पम्प बीस बीस हार्स पावर के, दस दस हार्स पावर के लगा करके इस सुखाड़ का मुकाबिला बहुत कुछ सरकार ने किया है। उसके लिये भी मैं सरकार को बधाई देता हू और साथ साथ कृषि मन्त्रालय से आग्रह करता हू कि इस प्रकार की एक विशद योजना ले कर आप देश मे चलें तो वास्तव मे आज आप जो तत्काल लाभ चाहते हैं कि अधिकतम उत्पादन हो, उसमे आपको तत्काल लाभ पहुचेगा।

आज देश मे सिंचाई की आपने जो व्यवस्था की है उसमे लगभग 48 करोड एकड भूमि देश के अन्दर कृषि योग्य है जिसमे से केवल 7 25 करोड एकड भूमि मे आप सिंचाई कर सके है। उसने भी आकड़े तो जरूर आपने दिये हैं कि ह ने इतनी भूमि मे सिंचाई की व्यवस्था की है, लेकिन अगर मैं कोसी नहर की ओर कृषि मन्त्रालय का ध्यान आकृष्ट करू तो कोसी नहर के द्वारा जो खेतो की सिंचाई की व्यवस्था की गई है उस व्यवस्था के बारे मे सारे उत्तर बिहार का किसान और खास कर के पूर्णिया और सहरसा जिले के किसान रो रहे हैं। उनकी हालत को देखने वाला कोई नही है। नहरो में पानी नही है उसमे बालू भर गया है। करोडो रुपये खर्च किये गये। बडी सिंचाई योजना के बारे मे लोग हल्ला करते हैं, मैं तो कहना चाहूगा कि आपकी बडी सिंचाई योजना किसानों के लिये कतई कारगर नहीं हो सकती है। उसमे लम्बी अवधि लगती है और पैसा भी ज्यादा खर्च होता है। हमको तो छोटी योजना चाहिये जिससे किसानों के खेत में पानी पहुंच सके। आपने नहरें जो बनाई हैं उसके कमाड एरिया में बहुत बडी भूमि आपने दिखा दी। नतीजा क्या होना है कि किसानों पर इर्रीगेशन टैक्स लग जाता है। आज मैं जिस क्षेत्र से आता हू पूर्णिया और कटिहार अनुमडल का फलका, कोडा, मनिहारी और बरारी क्षेत्र जो हैं वहा का किसान रो रहा है। ऐसे ऐसे किसान को भी इर्रीगेशन टैक्स की नोटिस दी गई है जिनके पास काश्त की जमीन वहा नही हैं और जिनका खेत नहर एरिया से मीलों दूर है जहा एक भी चुल्लू पानी नहर का नही पहुच पाता है। ऐसे किसानों को भी इर्रीगेशन टैक्स की नोटिस दी गई है। अगर इस प्रकार की सिंचाई व्यवस्था करके आप यह सोचते हैं कि इतने एकड भूमि सिंचित हो गई है तो मैं कृषि मन्त्रालय से अनुरोध करूंगा कि उसका सर्वे वह कराये और तब पता चलेगा कि इस देश की कितनी भूमि सिंचित है और कितनी असिंचित है। इसके बावजूद कृषि के उत्पादन मे हमारे किसानो ने जो योगदान दिया और कृषि मन्त्रालय मे लगे हुये वैज्ञानिको ने जो परिश्रम किया उसके फलस्वरूप 1969–70 मे 6.7 प्रतिशत और 1970–71 मे 7 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। परन्तु थोडा सा झोंका प्रकृति के प्रकोप का आया। देश के पूर्वी हिस्से मे थोडी सी बाढ़ की छाया दिखाई दी, उड़ीसा मे तूफान न आ जाय, कही पर ज्यादा जोर की वर्षा हो जाय तो हमारी सारी प्रगति ठप्प हो जाती है। कृषि के क्षेत्र मे 1969–70 से 6 7 तथा 1970–71 मे 7.3 प्रतिशत की जो वृद्धि हमने की थी, वह 1971–72 मे 1.7 प्रतिशत उल्टा

[श्री रामेश्वर प्रसाद यादव]

कम हो गई । इतना ही नहीं, 1972–73 के बारे में आपने जो आर्थिक समीक्षा की है, उसमें इस बात को स्वीकार किया है कि 1972–73 में कृषि उत्पादन की सम्भावनाओं पर मानसून का प्रभाव पड़ा है और वर्तमान संकेतों के अनुसार 1972–73 के कृषि उत्पादन के सूचक अंकों में कमी होना निश्चित सा है । इस बात को आप भी मान कर चलते हैं ।

इसलिये मैं चाहता हूं कि आप इर्रीगेशन विभाग की भारी भड़कम योजनाओं पर निर्भर न रहें । अपने मंत्रालय को सूखा और भूखा न रहने दें । आज देश की धरती प्यासी है । किसानों को छोटी छोटी योजनाओं के देने से धरती की प्यास बुझ सकती है, उसके द्वारा ही हम अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, अन्न का उत्पादन बढ़ा सकते हैं और दुनियां को आप दिखा सकते हैं कि किस प्रकार से अन्न के मामले में हम अधिकतम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं ।

सभापति महोदय, कुछ कानून भी हमारे मार्ग में ऐसे आये हैं, जिनके कारण हमारे कृषि उत्पादन पर गहरा आघात पड़ा है । शुरू शुरू में भूमि सुधार कानूनों का सारे देश में स्वागत किया । जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ, गरीबों और भूमिहीन मजदूरों के अन्दर आशा का संचार दिखाई दिया और इस कांग्रेस सरकार ने नारा दिया—'लैण्ड टू दि टिलर्स' । लेकिन आज वह नारा केवल नारा-मात्र ही रह गया है । उसके बाद आपने लैण्ड-सीलिंग की बात उठाई—लेकिन उससे कितनी भूमि किसानों के अन्दर बटी ? आप भूमि की अधिकतम सीमा का जरूर निर्धारण करें—निर्धारण होना चाहिये लेकिन जनसंघ ने मांग की थी कि आमदनी के आधार पर भूमि की सीमा निर्धारित की जाय, आपने हमारे उस सुझाव को ठुकरा दिया है ऐसा मालूम होता है कि सभी जगहों पर एक-से सर्कुलर दे दिये गये—10 से 18 एकड़ तक सीलिंग करो और आज सभी जगह 18 एकड़ का सीलिंग हो रहा है । मैं कृषि मंत्रालय से आग्रह-पूर्वक कहना चाहता हूं—आप थोड़ा सा विचार करें—केरल में रहने वाला काश्तकार जितने कम एकड़ की भूमि की खेती से अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकता है, क्या राजस्थान में उतनी भूमि किसान को दे दी जाय तो वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकता है ? यह टके सेर खाजा, टके सेर भाजी की नीति नहीं चलेगी ।

मैं और मेरी पार्टी चाहती हैं कि भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारित की जाय, लेकिन हम चाहते हैं कि आय के आधार पर उसका निर्धारण किया जाय । हमारे राष्ट्रीय आय का आधे से अधिक भाग कृषि आय पर निर्भर करता है, मैं चाहता हूं कि सारे देश की इकोनोमी 1 और 20 की रेशियो में ले कर चलें —चाहे कृषि उत्पादन क्षेत्र हो, चाहे औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र हो और उसको 1 और 10 की सीमा में ला कर बांधें । आप दूसरों के लिये इस प्रकार की बात नहीं करते, केवल किसानों के लिये ही इस प्रकार की बातें करते हैं । मैं आपसे पूछता हूं कि हमारे मिनिस्टरों, बड़े बड़े अफसरों और हमारे राष्ट्रपति की आमदनी का रेशियो क्या है । मैं किसी पर आक्षेप नहीं लगा

रहा हू और न मेरी उनके प्रति कोई दुर्भावना है, लेकिन आप एक ओर विषमता घटाने के लिये लैण्ड सीलिंग की बात करते हैं और दूसरी ओर विषमता पर कोई अकुश नही है । लैण्ड सीलिंग सब चाहते हैं लेकिन उसके लिये एक निश्चित सीमा होनी चाहिये कि 20 साल तक इसमें कोई परिवर्तन नही होगा, यदि कोई परिवर्तन होगा तो 20 साल बाद होगा, जिससे किसान कम से कम आश्वस्त तो हो जाय और अपनी पूजी उस पर लगा सके । लेकिन इस तरह की व्यवस्था आप नही करेंगे । समाजवाद के थोथे नारो से प्रगति के नाम पर विषमता मिटाने के नाम पर बहुत बडी असफलता आपको मिलेगी ।

दूसरी बात मैं कृषि मत्रालय से पूछना चाहता हू—आपकी प्रोक्योरमेट पालिसी क्या है ? आपकी अनाज की वसूली की जो नीति है क्या उसको आपने लक्ष्मण रेखा मे बाध लिया है, क्या उसमे हेर-फेर नही करना चाहते हैं । आपने प्राइस कमीशन बनाया है क्या सत मजिले पर रहने वाले, एयर कण्डीशन मे बैठने वाले आपके अफसरान, आई० सी० एस० आफिसर्स किसानो के दुख दर्द को सुन सकते हैं ? उसमे किसान का प्रतिनिधित्व क्यो नही ? हमारा किसान खलिहान मे खडा होकर धूप के अन्दर जिस प्रकार से दमाही (Thrashing) करता है, मैं समझता हू उस समय हमारे मत्री जी वहा जाय, तो उनको लू लग जायेगी । हमारे एयर कण्डीशन मे रहने वाले अफसरान तो वहा जाने की हिम्मत नही कर सकते—ऐसे लोग हमारी प्रोक्योरमेंट पालिसी का निर्धारण करते हैं, 72—76 रुपए क्विंटल गेहू की कीमत रखते हैं । 1968 के अन्दर जिस पालिसी का निर्धारण किया, वही नीति आज भी चली आ रही है, लेकिन इन पाच वर्षों के अन्दर कृषि के द्वारा उत्पादित होने वाली वस्तुओ, यहां तक कि उद्योगो मे उत्पादित होने वाली वस्तुओ के मूल्यो मे कितना अन्तर आया है—आप इस पर थोडा गम्भीरता से विचार करें । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हू कि किसान के साथ उचित न्याय नही हो रहा है । इस बीच मे पानी और बिजली पर कर लगाये गये । इतना ही नही, एक उद्योगपति को अपने उत्पादन को देश के किसी भी भाग मे ले जाने और बेचने की छूट है, यहा तक कि विदेशो मे ले जाकर अधिकतम लाभ कमा सकता है, परन्तु किसान के साथ क्या हो रहा है—आपने जोन बना रखी हैं एक जिले से दूसरे जिले मे भी अपनी उपज को नही ले जा सकता । हम लोग जो गगा और कोसी के दोआब पर रहते हैं, उसको एक तरफ से दूसरी तरफ नहीं ले जा सकते । आपका यह सारे-का-सारा प्रोग्रेसिव कानून केवल किसानो के लिये है ।

आप कृषि उत्पादन को बढाना चाहते है—कृषि क्रियाओ के सचालन मे कितनी अश्वशक्ति की आवश्यकता है । आपकी रिपोर्ट के अनुसार कृषि के विभिन्न क्रिया-कलापो के लिये 12 करोड अश्वशक्ति की आवश्यकता है परन्तु देश मे केवल 4 करोड 50 लाख अश्वशक्ति उपलब्ध है । इसमे दो-तिहाई आठ करोड बैलों द्वारा प्राप्त

[श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव]

होती है, बाकी साढ़े सात करोड़ अश्वशक्ति के लिये आपने क्या कदम उठाये हैं। आपने कहा था कि हम 35 हजार ट्रैक्टर्स मंगायेंगे, 32 हजार का तो नवम्बर तक लदान हो चुका है, ऐसा आपने रिपोर्ट में लिखा है, लेकिन सवाल उठता है कि साढ़े सात करोड़ अश्व-शक्ति की पूर्ति कहां से करेंगे ? क्या छोटे और कम दाम के ट्रैक्टर तैयार करेंगे ?

मैं शेर सिंह जी को बधाई देना चाहता हूं—उन्होंने पशु-पालन के बारे में कहा है। पशु-पालन के लिये सरकार ने एक योजना को स्वीकार किया और उसके द्वारा छोटे छोटे किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। एक ओर तो पशु-पालन की नीति सरकार ने स्वीकार की है, लेकिन दूसरी ओर जनसंघ ने गत कई वर्ष में मांग की कि गौ-हत्या पर प्रतिबन्ध लगाया जाय, तो केन्द्रीय सरकार के गले के नीचे वह बात नहीं उतरी—यह दो बातें एक साथ नहीं चल सकतीं—एक तरफ पशु-पालन की बात कही जाय, दूसरी तरफ बूचड़खाने में प्रति दिन गायें कटाई जायं। यह बात समझ में नहीं आती है। देश की एकोनोमी को सुधारने के लिये सीलिंग से सरप्लस लैण्ड को भूमिहीनों में आप कितनी और कब तक बांटेंगे ? बिहार में पहले श्री चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि 20 लाख एकड़ जमीन उपलब्ध होगी और अब कहते हैं कि पांच लाख एकड़ जमीन उपलब्ध होगी। लेकिन पता नहीं उसके बाद 50 हजार एकड़ भी जमीन उपलब्ध होगी या नहीं ? आखिर सीलिंग का फल कौन भोग रहा है ? भोग रहे हैं भोले भाले किसान जिसके घर में कोई मुंशी नहीं है, जिसका परिवार बट चुका है और जिसके घर में 200 मेम्बर हो गये हैं दादा के नाम पर जमीन है। हमारे यहां श्री रघु-वंश नारायण सिंह, जिनके बेटे दिनेश सिंह बिहार में शिक्षा मंत्री हैं उनके पास बिहार में सबसे बड़ी काश्त है, वह सबसे बड़े काश्त-कार हैं लेकिन हैं बड़े समाजवादी, समाज-वादी सरकार के मंत्री हैं। यह समझ में नहीं आता है इसलिये आपकी नीति साफ होनी चाहिये।

थोक व्यापार के बारे में कहकर मैं भाषण समाप्त कर दूंगा। आपने बिड़ला या दूसरे बड़े बड़े उद्योगपतियों के घरानों में चलने वाले जो उद्योग-धंधे हैं उनको लेने की हिम्मत नहीं दिखाई। थोक व्यापार में किसी का भी एकाधिकार इस देश में नहीं था क्योंकि इस देश में 35 सौ मंडियां हैं और लाखों लोग तिजारत में लगे हुये थे। किसी एक परिवार की उसमें मानोपाली नहीं थी लेकिन अब तो सरकार की मानोपाली हो गई है। गांधी जी की जो सारी की सारी विकेन्द्रीयकरण की योजना थी उसके विरुद्ध सरकार अपने में सभी कुछ केन्द्रित करने जा रही है। नतीजा क्या होगा ? आपने ईंधन भी ले लिया और अब गेहूं भी ले लिया फिर इस देश के 55 करोड़ लोग कहां जायेंगे ? क्या एफ० सी० आई० के बल पर ? एफ० सी० आई० के बारे में पिछले साल लोक सभा में पूरी चर्चा हो चुकी है। मैं उसके भ्रष्टा-चार की एक रिपोर्ट दिल्ली में देता हूं कि डिप्टी मैनेजर जो मरे उनके स्थान पर आपने क्या आदमी दिये। एसोसिएशन में ऐसे तगड़े लोग हैं, ऐसे सक लोग हैं जो

भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन देते हैं। मैं लिवे साहब से कहना चाहता हूं कि कि आप जो यह व्यापार अपने हाथ में लिये हैं उसके स्थान पर क्या आप उस पर अंकुश लगाने के लिये कोई दूसरी विधि नहीं लगा सकते थे? क्या आज एफ० सी० आई० को मार्केट में कम्पीटीशन के तौर पर नहीं ला सकते थे? आप भी रोजगार करते और छोटे छोटे व्यापारियों को भी सौ बोरी तक रखने की छूट देते। कुछ बड़े व्यापारी आपको बहुत खलते हैं या कुछ धनी लोग पाच या दस हजार बोरी रखते थे तो आप सप्लाई विभाग के द्वारा सौ बोरी पर लाकर उनको तिजारत करने देते और साफ साथ एफ० सी० आई० को भी यह काम देते। यदि कभी एफ० सी० आई० ने वर्क टू रूल का नारा दिया और एक हफ्ते तक गोल माल चला तो इस देश के 55 करोड़ लोग भूख से मर मरेंगे। इसलिये आप इस पर पुनः विचार करें। मैं आपसे इस कदम का विरोध नहीं करना चाहता हूं और विवश हो कर मुझे कहना पड़ता है कि आप इस पर पुनः विचार करें। छोटे छोटे दुकानदारों से छीन कर गेहूं व्यापार को एक समाजवादी बढ़ता हुआ कदम बताया जाता है लेकिन आप कितना मुनाफा कमाते हैं? किसान से तो 72 या 76 रुपये में लेते हैं लेकिन स्वयं बेचते हैं फेयर राइस शाप पर 86, 89 या 90 रुपये में।

सभापति महोदय : आप अब समाप्त कीजिये।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव : इसलिये मैं चाहता हूं कि आप इस विषय पर पूर्ण रूप से पुनः विचार करें। आप कम्पीटीशन के रूप में बाजार में आयें।

अब मैं कुछ सुझाव रखना चाहता हूं जो अनाज की बर्बादी होती है भंडारण में उसके सम्बन्ध में बतलाना चाहता हूं। 1967 के सर्वे के मुताबिक 93 लाख का नमी और सीलन के कारण नुकसान होता है, 35 लाख चूहे खा जाते हैं।

सभापति महोदय : आप समाप्त कीजिये।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव : 40–50 लाख क्विंटल आप विदेशों से मगा रहे हैं। तो आप भंडारण की अच्छी व्यवस्था करें। इससे बहुत लाभ होगा।

साथ साथ किसान के लिये जो स्माल फार्मर्स और मार्जिनल फार्मर्स एजेंसियां हैं उनको चुस्त और दुरुस्त करें। मेरा आपसे निवेदन है कि जो देश के बैकवर्ड जिले हैं, जिनको सरकार ने पिछड़ा हुआ घोषित किया है, कम से कम उन क्षेत्रों में ऐसा जरूर करें। स्माल फार्मर्स और मार्जिनल फार्मर्स के बारे में आपने जो कुछ भी किया है उसके बारे में मुझे कहना है कि साढ़े 70 करोड़ रुपया आपने रखा था लेकिन उसमें से केवल 13 करोड़ ही खर्च किया है। इसलिये मेरा निवेदन है कि आप स्माल फार्मर्स एजेंसियां और मार्जिनल फार्मर्स एजेंसियां जो हैं उनको सक्रिय बनायें, सक्षम बनायें ताकि देश के जो छोटे किसान हैं वह उनसे लाभान्वित हो सकें।

श्री नरसिंह नारायण पांडे (गोरखपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर

[श्री नरसिंह नारायण पांडे]

मुझे अपने विचार प्रकट करने का मौका दिया। हमारे देश का यह बड़ा सौभाग्य है कि हमारा खाद्य मन्त्रालय आज खाद्य मन्त्री के अन्तर्गत है। कृषि में जो उत्पादन बढ़ जाता है तो कृषि के उत्पादन का महत्व होता है। खाद्य मन्त्रालय की गतिविधि बड़ी तेज इस देश में हो गई है। मैं ऐसा समझता हूं कि खाद्य मन्त्रालय और कृषि मन्त्रालय का अलग-अलग अपना स्थान है। कृषि मन्त्री को देश के कृषि के उत्पादन के सम्बन्ध में अपने विचार रखने चाहिए और उसके बाद तत्परता के साथ उसके निराकरण हेतु कोई स्कीम कार्यान्वित करनी चाहिए। यह बात सही है, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है कि यह देश के एक बड़े संकट से गुजर रहा है लेकिन संकट से गुजरने के साथ-साथ हमारे जो मूलभूत साधन हैं उत्पादन के उस क्षेत्र में हमें तरक्की करनी चाहिए। हमें देखना चाहिए एक आज जो हमारे भूमि सुधार कानून हैं जो सही तरीके से देश के उत्पादन को बढ़ाने के लिए, लाखों करोड़ों जो हमारी गरीब जनता है जिसकी आकांक्षाओं का पालन करने के लिए बनाए गए हैं वह सही रूप से लागू होते हैं या नहीं। जब तक हम मौलिक बातों को नहीं देखेंगे तब तक मैं निश्चित तरीके से कह सकता हूं कि आज जो गरीब झोंपड़ियों में रहते हैं जिनके पास आज अन्न की कमी है, जिनके बच्चे आज अन्न के लिए तरस रहे हैं, जिनके घर में आज चिराग नहीं है उनके लिए हम केवल समाजवादी समाज की रचना का नारा देकर सही तरीके से हम कोई परिवर्तन नहीं ला सकते हैं। हमें इसकी तरफ गौर करना पड़ेगा। आज जितने भी भूमि सुधार के कानून बने हैं वह जिलों में जहां के तहां रख दिए गए हैं। मैं अपने क्षेत्र की बात जानता हूं, अपने प्रदेश की बात जानता हूं कि छोटे किसान पट्टे लेकर आते हैं और कहते हैं कि हमें बसने के लिए जमीन मिली है, सीलिंग ऐक्ट लागू होने पर जमीन मिली है लेकिन हमें कब्जा नहीं मिल रहा है। कलक्टर से कहा जाता है, मिनिस्टर से कहा जाता है लेकिन किसी तरह से उसका निराकरण नहीं होता। हमें मौलिक तरीके से सोचना पड़ेगा। इस देश में करोड़ों के हितों की रक्षा करने वाली जो हमारी पार्टी है जिसका नारा समाजवादी नारा है उस नारे को अगर हमें सही तरीके से पालन करना है तो आज जो हमारी ब्यूरोक्रैसी का चंगुल है जोकि आज हमारे उन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं होने देती है उस पर काबू करना होगा। आज भी जिले में जो कलक्टर बैठा है उसको सारी पावर्स दे रखी हैं।

आज उसकी पावर को डीसेंट्रलाइज करना पड़ेगा। जब तक जिला स्तर पर अधिकारों का डीसेंट्रेलाइजेशन नहीं करते तब तक विकास की गति को जितना तेज करना चाहते हैं, नहीं कर सकेंगे। तो यह मौलिक बात है। आप डीसेन्ट्रेलाइजेशन करें, जिलों में डीसेन्ट्रेलाइजेशन करें, डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट की पोस्ट को वायसराय की पोस्ट न बनाएं। आप जिलों में ऐसी स्थिति पैदा करें जिसमें हम भी ला ऐंड आर्डर के जिम्मेदार हों, पीपुल्स पार्टिसिपेशन जनता का रेप्रेजेन्टेटिव कर सकें। हमसे कहा जाता

है कि पीपुल्स पार्टिसिपेशन करो। लेकिन जिले में हमारी कोई बात नहीं सुनता। इसलिये मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर आप चाहते हैं कि समाजवादी नीतियां सही तरीके से कार्यान्वित हों तो उसके लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर डीसेन्ट्रेलाइजेशन करें, जिला परिषद को पावर दो, ऐग्जीक्यूटिव अथौरिटीज को पावर दो, तभी देश में समाजवादी समाज की रचना कर सकते हैं।

16 hrs.

हमारा देश कृषि प्रधान है। 50 फीसदी आदमी ऐग्रीकल्चर प्रोडक्शन कर रहा है। जो 50 फीसदी हमारी नेशनल इनकम को बढ़ा रहा है, जो पचास फीसदी हमारे ऐक्सपोर्ट के साधनों को मुहैया कर रहा है, उसकी हालत क्या है? आज वह किसान कहता है कि कोई ऐसा कमीशन बनाओ जो कि हमारे द्वारा पैदा की गयी चीजो को देखे कि उनकी क्या कीमत होनी चाहिए और वह जिन चीजों का उपयोग करता है एग्रीकल्चर के प्रोडक्शन मे उन चीजों के क्या दाम होने चाहिए। तो आप पायेंगे कि उसके द्वारा पैदा की गई चीजों के दाम और उसके द्वारा उपयोग में आने वाली चीजो के दाम में बड़ा अन्तर है। फिर कैसे वह प्रोडक्शन बढ़ा सकता है।

यह बात सही है कि सूखा पड़ गया, बाढ़ आ गयी, एक ऐसा नक्शा बन गया जिसमें हमारे देश का प्रोडक्शन कम हुआ। कुछ प्रदेशों में सूखा पड़ गया और हमें अनाज मंगाना पड़ा। यह देश अजीबो गरीब देश है। यहां कुछ ऐसे वेस्टेड इंटरेस्टस हैं, प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं जो देखती हैं कि कहां सूखा पड़ गया, कब बाढ़ आ जाय और जिस समय बाढ़ और सूखा आ जाता है उस समय चीजों के दाम को बढ़ाते चले जाते हैं। मेरा मतलब कन्ज्यूमर गुड्स से है सरकार को देर नहीं करनी चाहिए। आज सारे उन पदार्थों पर, ऐग्रीकल्चरल गुड्स पर, गेहू के होल-सेल ट्रेड पर जिस तरह आपने कब्जा किया, इसी तरह से जितनी भी कन्ज्यूमर गुड्स हैं उन पर आप को कब्जा करना चाहिए। देर नहीं करनी चाहिए, और इसको ऐम्फेटकली एम्प्लीमेंट करना चाहिए।

आज स्थिति क्या है? होल सेल ट्रेड को आज राजनीति का अखाड़ा बनाया जा रहा है। मैं उन राजनीतिक लोगों से कहना चाहता हू कि आप देश की अर्थव्यवस्था को जानते हैं, क्या आप की समझ में नहीं आता आज 42 लाख टन अगर शुगर खाने वाले इस देश में हों, और 35 लाख टन का प्रोडक्शन हो तो जाहिर है कि राशनिंग करनी पड़ेगी। इस देश में जब गेहू की पैदावार कम हो रही हो, चावल की पैदावार आबादी की मात्रा में कम हो रही हो, तो इस देश में राशनिंग नहीं होगी तो क्या होगा? और मैं कहना चाहता हू सरकार ने जो निश्चय किया है वह ऐसा निश्चय है कि जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा होनी चाहिए। लेकिन हमारे कुछ दोस्त इसको राजनीतिक अखाड़ा बना कर के और चुनाव प्रचार का एक माध्यम बना करके गांवों में जा करके गलत प्रचार कर रहे हैं, और बड़े-बड़े थोक व्यापारियों का प्रचार कर रहे

[श्री नरसिंह नारायण गाडे]

हैं। वह कह रहे हैं कि तुम गल्ला रोक लो, तुम्हें जितने रुपये की जरूरत हो हमसे ले लो। खलिहान में गल्ला आते ही बड़े किसानों से सौदा करना शुरू कर दिया है कि कितने रु० की जरूरत है, कितना गल्ला बेचना चाहते हो, रुपया उनको दे दिया और गल्ला अपने घर में रख लिया। होल सेल ट्रेडर्स यह कर रहे हैं और वह किसानों को रुपया देकर गल्ला उनके यहां होर्ड कर रहे हैं और आपने प्रोग्राम को स्कटिल करना चाहते हैं जिस से आपका प्रोग्राम चल न सके। आप इस बारे में प्रदेश सरकारों को लिखें। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि 31 मार्च तक सारे व्यापारी गोदाम से अपना गल्ला निकाल दें, और अगर उसतारीख तकनहीं निकालेंगे तो उनके खिलाफ़ सरकार कार्यवाही करेगी। मैं जानता हू, 31 मार्च बीत गई, लोगों ने अपना गल्ला नहीं निकाला, लेकिन एक भी होल सेलर अरेस्ट नहीं किया गया। एक को भी जेल नहीं भेजा। मैं जानना हू कि क्यों नहीं भेजा? मैंने एक बड़े अफसर से बात की वह कहता है कि यह तो रोज का तमाशा है जो कानून का बनाया गया है। रोज सरकार के आदेश आया करते हैं। सरकार का होल-सेल ट्रेड को टेक ओवर करने का प्रोग्राम फेल हो जाएगा। और फेल करने के लिए उनका हैंड इन ग्लव्ज है। इस बारे में आप क्या कदम उठाने जा रहे हैं। आपको सोचना चाहिए। आपको प्रदेशों के मुख्य मन्त्रियों को और खाद्य मन्त्रियों को बुलाकर कानफ्रेंस करनी चाहिए कि आखिर इस स्थिति को कैसे सम्भालें। अब कोई तरीका नहीं है सिवाय इसके कि इस देश में खाद्यान्न के व्यापार के बारे में मन्त्री जी एलान करें कि जितनी कंज्यूमर गुड्स है सबको नेशनेलाइज करेंगे। आपको स्पष्ट चेतावनी देनी चाहिए कि अगर कोई होल सेल ट्रेडर अपने यहां गल्ला रखता है तो उसको डी० आई० आर में अरेस्ट किया जाएगा। तभी जाकर के आपकी मन्शा पूरी होगी। आज प्रतिक्रियावादी ताकत आपके इस प्रगतिशील कदम का विरोध करने के लिए तैयार हैं और नाना प्रकार की पार्टीयों को मिला करके पोलिटिकल कैपिटल बनाना चाहती है। आपको होशियार होना चाहिए, और इस तरफ आपका ध्यान जाना चाहिए।

देश में दूध के उत्पादन की बात कही गई। 280 मिलियन कैटिल इस देश में है और तीन आउन्स डेली हमको दूध मिलता है। इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए। और सरकार क्या कर रही है कि उन के जो खाने की चीज है वह आप बाहर भेज रहे हैं, और उसके बदले क्या ले रहे हैं? 10 करोड़ रुपए का मिल्क पाउडर मिल रहा है। आपको इस नीति को त्यागना पड़ेगा। अगर चाहते हैं कि देश के अन्दर 3 आउन्स रोज दूध मिले और दूध का उत्पादन बढ़ाया जाए तो उसकी तरफ ध्यान देना चाहिए।

गरीबों को जमीन कैसे मिले इस पर पर भी विचार करना चाहिए। बहुत सी जमीन एल्केलाइन सोयल है, उस पर आपकी कमेटी की रिपोर्ट आयी है कि उसमें जिप्सम डाले और वह फर्टाइल हो जायगी। इसी तरह जहां एसिडिटी है वहां लाइम डालने के लिए सिफारिश की है जिससे उसे उपजाऊ

बनाया जा सकता है। लेकिन उन सिफारिशों पर कोई अमल नहीं हो रहा है ।

उत्तर प्रदेश में नदियां कहर मचाए हुए है और हर साल 100 करोड़ रुपया बाढ़ में चला जाता है।

आपने बाढ़ के लिए कोई स्कीम बनाई आपने फलड प्रोटक्शन के लिए कोई काम किया? आपने बहुत किया, मैं नही कहता कि कुछ नहीं किया। आपने छितौनी बाध बनाया, नहरें निकाली, लेकिन आज भी जरूरत है राप्ती, घाघरा, कुआनों जैसी नदियो को बाधने की। आज जरूरत है कि एसी नदियों पर बांध हो। जलकन्डो योजना बहुत दिनो से पडी हुई है। उसको लागू करने की जरूरत है। जब तक यह सब चीजें नही होंगी तब तक इस देश में खाद्य-उत्पादन का काम कैसे होगा?

मैं एक चीज का बड़ा विरोधी हूं। आज फर्टिलाइजर के कारखाने खुलते चले जा रहे हैं। मैं कहता हूं कि कि घर का खाद का कारखाना आप क्यों नहीं मजबूत करते? जो चीज पत्ते से दूसरी चीजों से बनती हैं उनको मजबूत करने के लिए आपने कोई कदम उठाया? कम्पोस्ट को मजबूत करने के लिए आपने कोई कदम उठाया? आप इसके ऊपर भी ध्यान द जिससे हम कम्पोस्ट की खाद को मजबूत कर सकें।

मैं दो मिनट में अपनी आखिरी बात कहना चाहता हूं। शुगर के डेकनेलाइजेशन का सवाल है। चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण का मामला हमारे लिए जिन्दगी और मौत की बात हो गई है। चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण के लिए जब हम उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री से मिलते हैं तो वह कहते हैं कि हमने बिल भेज दिया है, वह केन्द्रीय सरकार की झोली में पड़ा हुआ है। जब केन्द्रीय मन्त्री से हम बात करते है तो वह कहते हैं कि रिपोर्ट आ जाने दो, हम तब बात करेंग। एटार्नी जनरल और एडवोकेट जनरल सब की रिपोर्ट पडी हुई है। कम से कम आज भगवान के लिए यह तो कीजिए कि चीनी मिलों का उद्धार कीजिए पूजीपतियों के पंजे से उनको छुड़ाईये। उनका राष्ट्रीयकरण कीजिए । यह परिस्थिति स्वयं सरकार की कमजोरी की वजह से आई है या क्या है यह तो सरकार के मालिक लोग जान सकते है या मन्त्री जान सकते हैं। अब तक चीनी के मिल मालिक कहते हैं, जिन्होंने मिल को मिक मिल डिक्लेयर किया था, कि हम पैसा देने के लिए तैयार हैं इकट्ठा करके, मिक मिल हमें दे दी जाए, हम चलाएगे। समाजवा के फोरम के लोगों ने एक प्रस्ताव पास किया, अब उसका भी कंट्राडिक्शन शुरू हो गया है। .मैं कहता हूं कि इसमें कोई समाजवादी फोरम की बात नही है, यह सारी पार्लियामेंट के फोरम को बात है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस बात को साफ कर देना चाहिए कि जो सिक चीनी मिलले ली गई हैं उनको वापस करने का सवाल नही, चाहे वह करोड़ो रुपया ही क्यों इकट्ठा न कर लें। वह गन्ना किसान के बड़े हमदर्द बन गए हैं, मजदूरों के सबसे बड़े हमदर्द बन गए हैं। लेकिन उनकी हमदर्दी

(श्री नरसिंह नारायण पांडे)

के बारे में किसानो और मजदूरों को मालूम है। हमारी भी हमदर्दी उनके साथ है। इस हमदर्दी की बिना पर मैं कहना चाहता हू कि कभी कभी अखबारो मे मन्त्री महोदय के ऐसे बयान निकलते हैं जिनसे मालूम होता है कि मन्त्री जी भी चाहते हैं, सरकार भी चाहती है कि जल्दी से जल्दी सिक मिलो को वापस दे दिया जाए। मैं कहना चाहता हू कि आप ऐसा मत कीजिएगा। चीनी मिलो के बारे मे हमे बडा कटु अनुभव हुआ है। आप चीनी मिलो का राष्ट्रीयकरण कीजिए तो यह किसानो के लिए, मजदूरो के लिए और करोडो पीडित जनता के लिए और मानवता के लिए सबसे बडी देन होगी।

इन शब्दो के साथ मैं इन मागो का समर्थन करता हू।

16 hrs

SHRI M V KRISHNAPPA (Hoskote) Sir, while supporting the Demands for Grants of the Agriculture Ministry I would like to make a few suggestions Out of the ten minutes given to me I would like to devote five minutes for drought and five minutes for wholesale trade on food

In India it is said by people who have long experience in agriculture that taking five years as the cycle in Indian agriculture which is divided as follows out of 5 year cycle one good year, one bad year, one year neither good nor bad and two indifferent years This is a bad year of that circle. It is not uncommon that India will have to face drought quite often

There are repeated droughts in chronically deficit areas about which surveys have been made and reports have been submitted. Yet, there is no earnest attempt to tackle the drought pockets in India in a big way, in a planned way, giving responsibility to a department I am one of those who feel that there should be a separate department for dealing with drought-stricken areas

It is said, one-fifth of India lies in scarcity areas One belt of scarcity starts from Gujarat, passes through Maharashtra and then to Andhra, Karnataka and Telangana and extends upto Ramanathpuram in the south The other belt starts from Gujarat, passes through Rajasthan and parts of eastern U P. districts, like, Deoria, Basti, Gorakhpur and then extends to parts of Bihar As a matter of fact, every district in India has a pocket of scarcity Almost every State has a pocket of scarcity So, one-fifth of India is always scarcity-stricken This is the weakest link in our economy You may have spent crores and crores of rupees and improved agriculture and there may be a green revolution in the valleys and deltas Even though everything is all right in Indian economy, if scarcity starts in these pockets, a scare is created and it has an effect over the prices It is the weakest link in the Indian economy Therefore, it is high time that the Government should take immediate measures and set apart sufficient funds to tackle the situation

There are enough of experiences for us in the world Even in India, in these areas, a coordinated and integrated plan is necessary, as of insurance against famine Then, crop pattern should be changed in these areas Whether there is plenty of rain water in the tank or not, the traditional crop that the farmer grows is paddy in some of these areas Paddy requires four times

water as against maize, jowar or bajra. So, in the same area where the farmer grows traditionally paddy, if he takes to maize, jowar or bajra, he could grow it with the available water and raise a successful crop.

Then, some agro-industries could be developed in these areas. There should be minor irrigation. Preservation of every drop of water is very essential so that failure of rain in one particular year should not make the farmer collapse and he can sustain himself. Some fruits could be grown and processing industries developed in these areas. With a limited amount of water, a lot of horticulture could also be developed. There are certain varieties of fruits, citrus variety and other varieties, which could be developed without much water

In this august House, there was a laughter about poultry-rearing. There was laughter when the Agriculture Minister was talking about poultry. It is such an important thing. In Israel, in one scarcity district, they have developed poultry. They have developed it as a poultry district. There is no or little rain there. But it pays much more than any other district because they have developed poultry there. Poultry is one "tree" that does not require much water or regular rainfall and bears 250 fruits a year. In mythology, there is a story about Kamadenu and Kalpakavriksha. Kamadenu is cow and it gives milk whereas poultry is Kalpakavriksha. No animal that is useful to mankind, either cow or buffalo or sheep or goat, can multiply in such a manner as poultry does. A cow can give you two cows in a year; a buffalo can give you two buffaloes in a year; a sheep can give you two sheep in a year; a goat can give you two goats in a year. But if you take poultry, if there is one hen, it can multiply to 300 in a year. That is why it is like the Kalpakavriksha tree because of its creative capacity or Kalpana—Sakti. Poultry is an important thing. I did not want to mention about it. Since there was laughter about it, since it was taken lightly, I mentioned about it.

Poultry is a very important industry. The Government of India should pay more attention to it. It requires more and more attention. If you want to get protein food, like milk, poultry is the answer. So, in scarcity areas, poultry should be developed to see that the farmer's economy does not collapse if there is failure of rain. There should be a coordinated and integrated plan about it.

Hundreds of crores of rupees are being spent on scarcity relief works. The final figures have not yet come. This year perhaps the Government of India will have to foot a bill to the tune of Rs. 300—400 crores on scarcity relief works

Mysore alone is spending Rs. 50 crores. Maharashtra has spent, I am told, Rs. 60 to 70 crores. Rajasthan has also spent some money. Gujarat is spending Rs. 50 to 60 crores. If all these are totalled, the amount spent this year on scarcity relief would not be less than Rs. 300 to 400 crores. But what type of work has been done? It is all useless and a waste—done temporarily without any plan. Only *kutcha* roads have been constructed. The ringleaders knock away the money, and neither the farmers nor the hard-working labourers are benefited. 'Relief work' means relief to some people and not to the poor people. Therefore, doing these relief workers in a haphazard way should be avoided; there should be an integrated plan. Even if you spend Rs. 300 to 400 crores per year, it does not matter; to develop these pockets, it is very essential.

In Mysore State, things are very bad. In one pocket, in three to four districts, there is continuous famine; nearly 60 lakhs of people come under that. There has been complete failure of rabi and kharif crops and

[Shri M. V. Krishnappa]

people are very much agitated. I request the Food Minister to see that some more foodgrains are sent to that area; otherwise, people will starve. Gulbarga, Bidar, Raichur and Bijapur were growing white jowar, but today because of failure of crop, the people there are starving. There is, therefore, a great need that the Government of India should develop in an integrated and coordinated way the scarcity pockets in India which are the weakest link.

Coming to nationalisation of the wholesale trade, it is said that the Food Ministry has been the graveyard of many reputations....

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ANNASAHEB P. SHINDE): You are a part of it.

SHRI M. V. KRISHNAPPA: I want to give my experience to my successor friend and colleague. I became the Deputy Food Minister when Rafi Ahmed Kidwai was the Food Minister, in 1952 When I entered the Food Department, there was strict and rigorous control, and when I left after ten years, in 1962, we had completely relaxed and people were happy, but that is not the position today. Even after 1962, in Mysore I was in charge of food for five years. With 15 years of experience, I am telling my friend that the wholesale trade take-over by Government is a must because ours is a socialist State. In those days, in 1952, though there was rigorous control, though there was nationalisation of trade, it was not called nationalisation of trade; because of necessity, they had to name it something; under the Defence of India Act they had taken powers to control the entire foodgrains Ours is a socialist State. A number of friends have repeated the importance, why the wholesale trade in foodgrains should be taken over by Government. A great majority of the people of this country are hard-working labourers; most of them are people who spend 80 per cent of their earnings on food. In a country where nearly 80 per cent of the people spend 80 per cent of their income on food, it is very essential that the prices of foodgrains should be kept as low as possible.

When there was control, with my experience in the Food Ministry, I can say, it was hated by every one. Food debate used to be very critical debate; people hated it When we removed it, every one was happy; the grower was happy, the consumer was happy, the trade was happy because there was freedom. but now, in this socialist State, we cannot entrust the whole job to the wholesale merchants. We have tried enough. They generally exploit the farmers in a bumper year and in a scarcity year they exploit the consumers and make huge profits. They want to continue this in spite of ours being a socialist State As I said, this Ministry has been the graveyard of many reputations. It is going to be a very difficult job. When I entered the Ministry 21 years ago, I was hearing less of corruption in the country; but today I hear more of corruption. People do not cooperate now. The wholesale traders will perhaps invest all the Rs. 1,000 or 2,000 crores, which they were investing on foodgrains, on other essential commodities like dhal pulses, oil, etc. and will try to defeat the Government's policy. Most of the Opposition parties are not cooperating with the Government on wholesale trade takeover. With all these difficulties, the Ministry has to see that it is successful. The Food Ministry could raise the reputation of this Government to the Himalayan heights of popularity and they can also take us down to the sea of unpopularity. These two things are possible. So, I wish that they will not take us down to the sea of unpopularity but would take us to the heights of popularity. And, they must be very strict. I am giving you some hints. Having been a Minister for 15 years, I am giving some hints to my friend. Once you said 'controls', it is said

even the gunny bags will start eating. Leave alone others, shortages and deterioration in foodgrains will start. That means that at every stage there is a malpractice, leakage and other corrupt practices and everywhere people indulge in malpractices and leakages occur. Then corruption will increase. They must be strict in dealing with these hoarders and the wholesale merchants, and it should be stricter than it was in the olden days.

Then about prices, the farmers should get remunerative prices. Otherwise, the farmers will start growing other crops. That always happens. If you do not pay the farmer a parity or remunerative price, then he will switch over to chilli-growing in Andhra or jute-growing in Bihar or he would start growing *Chana* in Punjab or groundnuts in Gujarat So, switching over to commercial or cash crops will take place and the Food Mimstiy will very soon be in a soup So, the farmer should be paid a remunerative or parity price. Otherwise, the Food Ministry will very soon come to difficulties

With this little advice to my friend, I once again give a word, not one word of caution, but hundred words of caution, that you must remember that this is an item where Gandhiji said that God appears in the form of food to a poor man. An experienced philosopher once said that the difference between a civilised and an uncivilised man is ten meals. If a civilised man misses two meals, sometimes he will start telling lies for food but if he misses five meals, then he starts telling lies regularly and if he continues to starve and misses ten meals, then he commits a murder. So, the difference between a civilised and an uncivilised man, that philosopher says, is only ten meals. You make a civilised man starve and miss ten meals, then he will become a brute. That is the thing you are handling now. So, do not make these civilised people brutes.

Yesterday, Mr. Vajpayee somewhere has made a statement that food riots will start in the country Food riots not against the Government, food riots will be against those people whom he is supporting—the wholesale traders. People will kill these wholesale traders then they will try to fight against the Government. I may tell Mr. Vajpayee that the riots will be first against the vested interests and then only against the Government.

With these words, I thank you for giving me an opportunity to speak, and I may assure the Food Minister that the next food debate will be as lively as this one.

श्री एस० एस० पूरती (सिंहभूम)

सभापति महोदय, हमारा भारत एक कृषि प्रधान देश है । यहां की अधिकाश जनता कृषि पर ही निर्भर करती है और इस देश का वास्तविक विकास भी कृषि के विकास पर ही निर्भर करता है। कृषि के वैज्ञानिक अनुसन्धान सस्थान द्वारा देश मे हरित क्रान्ति का मार्ग प्रशस्त किया गया है । लेकिन जब तक देश के कोने कोने मे इस का प्रचार और प्रसार नही किया जायेगा तब तक कृषि के उत्पादन मे किसी प्रकार की वृद्धि नही होगी और हमें अन्न के लिए दूसरे देशो का मुह ताकना पडेगा । दूसरे देशो से अन्न मंगाने से हमारे देश की क्या हालत हुई है और क्या हालत होगी उस का अन्दाजा अभी हाल की जो घटना घटी है माइलो के आयात के सबध मे उस से लगाया जा सकता है । उस से यह स्पष्ट होता है कि अगर हम अन्न के मामले मे स्वावलम्बी नही है तो दूसरे देश वाले हमें शुद्ध अन्न नही भेजेंगे बल्कि धतूरे के बीज को मिलावट कर के वह हमारे देश में अन्न भेजेंगे जो हमारे लिए विष का काम करेगा । इसलिए हमे चाहिए कि कृषि

[श्री एस०एस० पूरती]

के विकास के लिए पूरा जोर लगाएं और कृषि के विकास के मार्ग में जो भी समस्याएँ हैं उन मौलिक समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें । हमारी भारत की शस्य श्यामला वसुन्धरा 55 करोड़ लोगों को अन्न देने के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया को भी अन्न देने की सामर्थ्य और क्षमता रखती है । अगर सरकार देश में कृषि की समस्या का निराकरण कर के अन्नोत्पादन में लग जाये ।

आज कृषि उत्पादन के मार्ग में कई समस्याएं हैं । उन समस्याओं में पहली समस्या भूमि वितरण के सम्बंध में है । आज देश में भूमि की असमानता है । किसी के कब्जे में हजारों एकड़ जमीन है तो किसी को खेती के लिए एक इंच भी जमीन नही है । सरकार को यह भारी असमानता दूर करनी पड़ेगी, अन्यथा भूमि के असमानता के साथ साथ आर्थिक असमानता देश मे मौजूद रहेगी सरकार ने भूमि की असमानता को दूर करने के लिए लैंड सीलिंग ऐक्ट भी बनाया । लेकिन लगता है कि वह भी कागज पर ही रहेगा । वह भी सैद्धांतिक ही रहेगा । ऐसे हमारे देश बिहार राज्य में लैंड सीलिंग ऐक्ट को 1962 में ही लागू किया गया था । लेकिन इतने लम्बे समय के पश्चात् भी बिहार राज्य में जो भूमि की असमानता है किसानों के बीच में वह अभी तक मौजूद है । इस से लगता है कि यह लैंड सीलिंग ऐक्ट भूमि की असमानता को सुधारने में सफल नहीं होगा । इस के लिए मेरा अनुरोध है कि जो ऐक्ट आप बनाते हैं उस ऐक्ट को आप सख्ती से अमल में लाएं तभी भूमि मे जो असमानता है उस में सुधार लाया जा सकता है ।

बिहार का दक्षिणी हिस्सा अर्थात् छोटा नागपुर और संथाल परगना पहाड़ों से घिरा हुआ है । प्राकृतिक सुन्दरता वहां है । लेकिन पहाड़ों के निकटवर्ती गांवों में निवास करने वालों का जीवन प्रकृति की सुन्दरता के विपरीत कुरूप सा लगता है । वहां के लोग अन्न के बिना और गरीबी के मारे परेशान हैं । चारो तरफ हाहाकार मच रहा है । वहां उन की आंखों के सामने प्रोटेक्टेड फारेस्ट के अन्दर खेती के लायक जमीन है । लेकिन वह जमीन वैसे ही पडी हुई है । न फारेस्ट डिपार्टमेंट भूमिहीनों को देने का प्रयास कर रहा है और न ही केन्द्रीय सरकार इस संबंध में सही कदम उठा रही है । वहां पर परती पडी हुई जमीन है । उस जमीन को भूमिहीनो के बीच में वितरित किया जाना चाहिए । जंगल के निकट रहने वाले जो वहां के निवासी है वे गरीब है । उन के पास जमीन नही है । अगर वह बेकार पडी हुई जमीन उन के नाम बन्दोबस्त नही होगी तो नतीजा यह होगा कि भूख मे मरता हुआ किसान जगल काटेगा और सैंकड़ो रुपये का माल दस रुपये में बेचेगा । इस तरह से जंगल की बरबादी बहुत जल्दी होगी । किसानों की गरीबी भी दूर नही होगी और असमानता भी दूर नही होगी । इसलिए हमारा अनुरोध है कि जंगलों में खास कर के प्रोटेक्टेड फारेस्ट्स के अन्दर जो बेकार की जमीन पड़ी हुई है वह जमीन भूमिहीन किसानों के बीच में बाट दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा ।

बिहार में जिला स्तर के और प्रखण्ड स्तर के बहुत से सरकारी कृषि फार्म हैं जो बेकार पड़े हुए हैं। असल में इन का लक्ष्य तो होना चाहिए कि उत्तम बीज पैदा करें और किसानों के बीच में वितरण करें, खेती के अच्छे तरीके का प्रदर्शन करें। लेकिन ये कोई भी काम इन फार्मों के द्वारा नहीं होते। बल्कि एक साधारण किसान अपने सीमित साधनों के माध्यम से जितना उत्पादन कर सकता है उतना भी इन फार्मों के द्वारा उत्पादन नहीं हो सकता। इसलिए इस संबंध में भी हमारा अनुरोध है कि जो बेकार पड़े हुए सरकारी कृषि फार्म हैं वह भी भूमि-हीन किसानों के बीच में बांट दिए जायें।

दूसरी समस्या है सिंचाई की। सरकार को और कृषि विभाग को चाहिए कि कृषि के विकास के लिए कृषि उत्पादन में वृद्धि लाने के लिए सब से अधिक व्यय सिंचाई पर ही करे। जहां पानी की सुविधा होगी वहां मेहनत करने वाला किसान पत्थर से भी फसल उपजा सकता है। इसलिए पानी के इंतजाम की ओर विशेष ध्यान सरकार का जाना चाहिए। देश में हर जगह नदियां हैं, नाले हैं जो बारिश आने पर ही पानी ले आते हैं। पानी उन में उमड़ पड़ता है और वह पानी बेकार चला जाता है। इतना ही नहीं वह वर्षा का पानी बाढ़ का रूप धारण कर के जान माल को भी खतरे में डालता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि जहां नदी, नाले हैं वहां बांध बांधकर और नहरें निकाल कर उस पानी को सिंचाई के काम में ले आए। साथ ही बाढ़ की भयंकरता को भी रोके।

तीसरी बात मैं कृषि ऋण के संबंध में कहना चाहता हूं जो सिर्फ कागजी कार्यवाही तक ही सीमित है। आज देश के किसान अन्नदाता कहे जाते हैं। लेकिन सही रूप में देखा जाय तो ये बिलकुल गरीब हैं। साल भर के खाने के लिए भी अन्न उन्हें मिलता नहीं है। ऐसी हलात में उन्हें उत्तम बीज खरीदने के लिए, हल बैल खरीदने के लिए और खाद खरीदने के लिए समय पर ऋण मिलना चाहिए। सरकार की ओर से जो कृषि ऋण की व्यवस्था है वह अपर्याप्त है और समय पर किसानों को ऋण नहीं मिल पाता। इस के लिए मेरा सरकार से अनु-रोध है कि कृषि ऋण वितरण की जो प्रणाली है वह बिलकुल आसान कर दी जाय और समय पर किसानों को ऋण दिया जाय ताकि वह कृषि विकास के काम में आगे बढ़ सकें।

अन्तिम बात मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार ने जो गेहूं की कीमत निर्धारित की है वह सही माने में उचित नहीं जचती। हाल में ही पंजाब के दौरे पर हम गए हुए थे जगह जगह किसानों ने बतलाया कि 76 रुपये प्रति क्विंटल अब उत्पादन व्यय के बराबर आ जाता है। उत्पादन में जो व्यय होता है उसी व्यय के बराबर 76 रुपये प्रति क्विंटल है। तो यह देखने की बात है कि जब देश के अन्दर बाजार में दूसरी

[श्री एस० एस० पुरती]

चीजों की कीमत अधिक वृद्धि पर है तो किसान के द्वारा उत्पादन की हुई चीज की कीमत की भी वृद्धि होनी चाहिए और जगह जगह आज किसान माग कर रहे है कि गेहूं की कीमत उचित मिले, गेहू की कीमत सही रूप मे मिले। लेकिन इस ओर सरकार ध्यान नही दे रही है । इस ओर भी सरकार ध्यान दे ।

श्री राम भगत पासवान (रोसेरा) सभापति महोदय, मैं कृषि मन्त्रालय द्वारा प्रस्तुत मागों का समर्थन करने के लिये खडा हुआ हू। हिन्दुस्तान एक कृषि प्रधान देश है और कृषि प्रधान देश होने के नाते इस की आत्मा कृषि में निहित है। कृषि का विकास हमारे हर विकास का आधार-स्तम्भ है। हमारी हरी क्रान्ति तभी सफल होगी जब कृषि में कार्य करने वाले मजदूरो का कृषि पर आधिपत्य होगा। यह ठीक है कि सरकार ने कृषि उत्थान के लिये, खाद्यान्न की वृद्धि के लिये अनेकों उपाय किये है, परन्तु हमारा आर्थिक ढाचा इस प्रकार का रहा है कि इस प्रकार का जो भी लाभ हुआ है वह बडे बडे पूजीपतियो को, भू-स्वामियों को ही मिला है, गरीब और सर्व-साधारण, छोटे तबके के किसान इस लाभ से वचित रहे है। इस प्रकार समाज में आर्थिक समता आने की अपेक्षा आर्थिक विषमता ही फैलती गई है, क्योंकि हम देखते हैं कि जो भू-स्वामी हैं, जो काश्तकार हैं, उन्हे खेती के अलावा दूसरे व्यापारियों से भी आमदनी है, वे ऊची शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, बड़े-बड़े पदों को प्राप्त कर सकते हैं। परन्तु दूसरी ओर छोटे-छोटे किसानों के बच्चे गरीबी के कारण उचित शिक्षा प्राप्त नही कर सकते, फलत उनके बच्चों के बीच गरीबी की खाई बढती ही जाती है।

विकास के बात से कार्य हुए है, हर क्षेत्र में विकास हुआ है, लेकिन हम देखते हैं कि इस विकास से मजदूरों को क्या मिला ? उनकी मजदूरी आज भी वही है जो पचास साल पहले थी, जो दो सेर अनाज पचास साल पहले मिलता था, वही आज भी मिल रहा है यद्यपि परिवार के सदस्यों की सख्या बढ़ती जा रही है। उनकी मजदूरी को बढाने के लिए आज तक सरकार ने कोई ठोस कदम नही बढाया।

सभापति महोदय, हम देखते है कि कृषि की सबसे बडी त्रुटि आज यह है कि जो खेती करना जानते हैं उनके पास भूमि नही है और जो खेती करना नही जानते, उनके पास हजारो एकड भूमि है। बहुत से ऐसे स्वामी है जो समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए हजारो एकड भूमि रखे हुए हैं और इसलिये रखे हुए हैं कि समाज में उन्हे ऊचा समझा जाय। मैं सरकार से आग्रह करता हू कि में दिखला सकता हूं कि सौ एकड़ का एक प्लाट ऐसा पड़ा हुआ है जिस पर पिछले 50 सालों से कभी हल नही चला और अगर कोई गरीब आदमी मागने के लिए जाता है तो देने के लिए तैयार

नहीं, बल्कि उसका खून कर देने के लिए तैयार हो जाते हैं। इस प्रकार की विषमता को दूर करने के लिए सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

सभापति महोदय, लैंड सीलिंग पास हो गया—बहुत दिनों से ऐसी चर्चा सुन रहा हूं। जब मैं देहातों में जाता हूं तो गरीब लोग मुझ से पूछते हैं कि कब तक जमीन मिलने वाली है, कब तक हम गरीबों की गरीबी दूर होगी ? मैं उसका क्या जवाब दूं ? इसलिए कृषि मन्त्री महोदय से मेरा आग्रह है कि कोई ठोस कदम उठायें इसके लिए कोई निश्चित अवधि मुकर्रर करें कि इतने दिनों के अन्दर जो फाजिल जमीन है, वह गरीबो के बीच बट जायेगी, ताकि उन लोगों को भी सन्तोष हो।

सभापति महोदय, एक शका यह भी है—जब कभी गरीबो को भूमि देने का प्रश्न आता है—पूजीपति और भू-स्वामी बौखला उठते है, यहां तक कि जो लोग पट्टे की जमीन जोतते हैं वह भी उनसे छीन ली जाती है। जब कभी गरीब अपने हक के लिए आवाज उठाता हैं तो कोर्ट में मुकदमा करके उस जमीन को छीन लिया जाता है, यहां तक कि उसे अपने घर की थाली-लोटा को बेचना पड़ जाता है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हू कि लैंड सीलिंग से जो फाजिल भूमि निकलेगी, उसका वितरण गरीबों में इस प्रकार से हो कि उसको क्षति न उठानी पड़े। आज हर राज्य के मुख्य मन्त्री को आदेश दें कि सरकार के उच्च-अधिकारियों और पुलिस अफसरों के माध्यम से उन गरीबों को जमीन मिले। अन्यथा पुलिस के इतिहास में यह रिकार्ड है कि जब भी गरीब और अमीर की लड़ाई हुई है पुलिस ने कभी भी गरीबों के पक्ष में फैवरेबिल रिपोर्ट नहीं दी है। इस लिए मेरा आग्रह है कि भूमि-विनरण की जो परिभाषा है, वह साफ-साफ होनी चाहिये तथा बटवारे का असान से आसान तरीका अपनाया जाये ताकि गरीबों को क्षति न उठानी पडे।

सभापति महोदय, अब मैं अपने सूबे बिहार के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं। बिहार की भूमि बहुत उपजाऊ है, तीन-चार मील पर नदी बहती है। इन नदियों के उपयोग का प्रयास किया जाय तो यह आशीर्वाद साबित हो सकती हैं, लेकिन दुख है कि इस दिशा में आज तक सरकार ने कोई ठोस कदम नही उठाया, जिसके फलस्वरूप बिहार में कभी अधिक बाढ़ आती है, कभी अधिक सूखा पडता है, इस दुर्भाग्य का सामना वहां को जनता को हर समय करना पड़ता है। किसानो की हालत इस बाढ गौर सूखे के चक्कर में पड़कर दर्दनाक होती जा रही है। इसलिए नदियो से पानी निकालने के लिए सरकार ऐसी व्यवस्था करे, जिससे किसानो को समय पर पानी मिल सके।

मान्यवर, मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं। सरकार ने खाद्यान्न को तो अपने हाथ में लिया है, अनाज के व्यापार को अपने हाथ में ले लिया, लेकिन

[श्री राम भक्त पासवान]

अन्न के उपजाने का कार्य अपने हाथ में नहीं लिया। हमारा सरकार से आग्रह है कि हर एक खण्ड में 400 से 500 एकड़ भूमि सरकार एक्वायर करे, जहां सरकार की ओर से वैज्ञानिक ढंग से खेती हो ताकि वहां के स्थानीय मजदूरों को रोजी-रोटी मिले और सरकार को अधिक से अधिक गल्ला प्राप्त होता रहे। इस तरह के फार्म में कुटीर-उद्योगों की स्थापना भी होनी चाहिये। जो कृषि की वस्तुयें हैं उनके द्वारा दूसरा सामान बनाने के कुटीर-उद्योग लगाये जायें।

सभापति महोदय मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं—गरीबों को जमीन दी जायेगी, वह बहुत छोटे-छोटे टुकड़ों में होगी, इसलिए मेरा सुझाव है कि कनैक्टिव फार्मिंग सामूहिक खेती की व्यवस्था होनी चाहिए। समय से उन्हें पानी मिले, खेती के साधन मिले—इस प्रकार की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिये।

SHRI ANNASAHEB GOTKHINDE (Sangli): I rise not only to support the demands of this Ministry but also to congratulate the Ministers' concerned for their performance during the last few years. I am referring to the drought situation in the country, which was one of the worst in recent history. In some of the areas it was the second or third year in succession. Prompt and effective steps were taken both by the Central as well as the State Governments. They took steps to rush food supplies and to provide drinking water facilities. The emergency agricultural production programme was also undertaken. It was creditable that when faced with such a vast calamity not a single starvation death was allowed to take place in the country and that too without outside help either in the form of concessional imports or gifts of foodgrains or in the shape of funds. The national objective was self-reliance. The nation has fought the natural calamity of such a vast magnitude with its own resources, without any outside help.

